दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | देश-विदेश/खेल

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 16 जून 2023, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक-67 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

यह फिल्मी गाना-मंझधार में नैय्या डोले तो मांझी पार लगाए, मांझी ही नाव डूबोए तो उसे कौन बचाए.. नीतिश कुमार पर अक्षरशः चरितार्थ हो रहा है। नीतिश बाबू चले है अपनी नाव को पानी जहाज बनाने लेकिन उनकी नाव में ही छेद हो गया । उनके चेले जीतनराम मांझी ने ऐन समय पर पलटी मारकर पलटूराम को जोर का झटका जोर से दे दिया है। पलटी मारने की कला में गुरू गुड़ ही रह गया और चेला शक्कर बन गया। ऐसा ना हो कि सुशासन बाबू छब्बे बनने के चक्कर में दुबे बन कर रह जाए।

//-- सुविचार --//

डरने वालो को नही मिलता कुछ ज़िन्दगी में, लड़ने वालों के कदमो में जहांन होता है।

जनसंख्या

विश्व : 8,022,762,497

भारत : 1,417,602,647

बाजार

सेंसेक्स : 62917.63

निफ्टी : 18688.10

गोल्ड : 55,630 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 77,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.20 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.8	29.4
बिलासपुर	42.2	29.5
जगदलपुर	39.3	25.3
अंबिकापुर	40.6	27.6

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय पारिवारिक प्रेषण दिवस

यह दिन विदेशों में रहने वाले प्रवासियों के प्रयासों को सम्मानित करने और अपने देश में अपने परिवार के सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए मनाया जाता है। पहला अंतर्राष्ट्रीय पारिवारिक प्रेषण दिवस 2015 में मनाया गया था। यह दिन सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र को प्रवासियों की बेहतरी के लिए नीतियां बनाने और प्रेषण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक विदेशी कर्मचारी द्वारा अपने देश में अपने परिवार को धन के हस्तांतरण को प्रेषण कहा जाता है। यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विकासशील देशों के लिए सबसे बड़े वित्तीय प्रवाहों में से एक है

छत्तीसगढ़ में नशामुक्ति के लिए चलेगा जनजागरण अभियान, सीएम ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 से पहले भूपेश सरकार ने एक बार फिर बड़ा दांव खेला है। प्रदेश में शराबबंदी की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में नशामुक्ति के लिए व्यापक जन-जागरण अभियान शुरू करने के दिए निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नशा मुक्ति जन-जागरण अभियान की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए देश में नशा मुक्ति हेतु कार्य कर रहे ख्यातिनाम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से आवश्यक रूप से परामर्श किया जाए। समाज कल्याण विभाग एक माह में नशा मुक्ति जन-जागरण अभियान की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा है कि इस अभियान में शासकीय प्रयासों के साथ ही एनजीओ, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को जारी निर्देश में कहा है कि नशा एक ऐसी गंभीर सामाजिक बुराई है, जिससे मनुष्य का अनमोल जीवन गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है तथा वह अकाल मृत्यु का भी शिकार बन जाता है। नशे के लिए लोगों द्वारा गांजा, भांग, जर्दा गुड़ाखू, तंबाकू, शराब, गुटका, धूम्रपान, चरस, अफीम, स्मैक, कोकीन और ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों का सेवन किया जाता है।

अब तक नहीं मिली सफलता

छत्तीसगढ़ पुलिस इस पर लगातार कार्यवाही कर रही है तथा छत्तीसगढ़ सरकार भी इसे रोकने का प्रयास कर रही है, किन्तु जब तक हम इस अभियान को जनमानस से नहीं जोड़ेंगे तथा जन-जन तक नहीं पहुंचायेंगे, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो पाएगा। युवा पीढ़ी में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ना अत्यधिक चिंताजनक विषय है। समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने, युवा पीढ़ी को बर्बादी से बचाने तथा उनकी संपूर्ण ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग करने के लिए आवश्यक है कि नशा मुक्ति हेतु बड़ा जन-जागरण अभियान आरंभ किया जाये।

एक महीने में तैयार होगा प्लान

उच्चतर माध्यमिक शालाओं, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों में जागरूकता हेतु सेमीनार आयोजन किए जायें। शासकीय प्रयासों के साथ ही एनजीओ सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि समाज कल्याण विभाग एक माह में नशा मुक्ति अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करे। इस हेतु देश में नशा मुक्ति हेतु कार्य कर रहे ख्यातिनाम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से अवश्य परामर्श किया जाये।

140 किमी की रफ्तार से चली हवाएं, 1 लाख लोगों का रेस्क्यू

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के तटीय इलाकों की तरफ बढ़ रहा चक्रवात बिपरजॉय बेहद खतरनाक हो चुका है। हवा की रफ्तार 140 किमी प्रति घंटे की है, जिससे हालात बेहद खराब हो गए। उधर, चक्रवात से होने वाले खतरे को देखते हुए अब तक लगभग 1 लाख लोगों को तट के पास वालों इलाकों से रेस्क्यू किया गया है। आईएमडी गुजरात की वैज्ञानिक मनोरमा मोहंती ने शाम 5 बजे बताया था- चक्रवात बिपरजॉय जखौ से 80 किमी की दूरी पर है। यह उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ते हुए कच्छ, सौराष्ट्र को पार करने वाला है। तब इसकी रफ्तार 115-125 किमी प्रति घंटा होने वाली है। इसके बाद शाम से आधी रात तक लैंडफॉल जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार कमांडर कोस्ट गार्ड रीजन-नॉर्थ वेस्ट के इंस्पेक्टर जनरल ए.के. हरबोला ने बताया कि हमने गुजरात में 15 जहाज और 7 एयरक्राफ्ट तैयार रखे हैं। शाम 6 से 8 बजे के बीच लैंडफॉल की संभावना के चलते 27 एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात के अलावा 10 अन्य राज्यों में इस तूफान का असर देखा जा रहा है। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, लक्षद्वीप, केरल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय शामिल हैं। यहां के कई इलाकों में तेज हवाएं चल रही हैं और बारिश हो रही है।

गुजरात से टकराने वाला पहला तूफान

बिपरजॉय पिछले 25 साल में जून महीने में गुजरात के तट से टकराने वाला पहला तूफान है। इससे पहले 9 जून 1998 को एक तूफान गुजरात के तट से टकराया था। तब पोरबंदर के पास 166 किमी की रफ्तार से हवा चली थी। बीते 58 साल की बात करें तो 1965 से 2022 के बीच अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे। इनमें से दो गुजरात के तट से टकराए। एक महाराष्ट्र, एक पाकिस्तान, तीन ओमान-यमन और छह समुद्र के ऊपर कमजोर पड़ गए।

एशिया कप श्रीलंका और पाकिस्तान में होगा

कोलंबो (एजेंसी)। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 के मुकाबले पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। पाकिस्तान में टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच होंगे। बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। शुरुआती ग्रुप स्टेज के चार मैच पाकिस्तान में होंगे। इनमें एक ग्रुप से पाकिस्तान व नेपाल मैच और दूसरे ग्रुप से अफगानिस्तान व बांग्लादेश, अफगानिस्तान व श्रीलंका और बांग्लादेश व श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा। फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में ग्रुप स्टेज से भारत व पाकिस्तान और भारत व नेपाल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों ग्रुप से टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी। सुपर-4 के सभी मैच और फाइनल भी श्रीलंका में ही खेले जाएंगे। एशिया कप के मौजूदा सीजन की मेजबानी विवादों में रही है। एसीसी ने इसके आयोजन का जिम्मा पाकिस्तान को दिया था, लेकिन एसीसी प्रेसिडेंट और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पाकिस्तान में भारतीय टीम भेजने से इंकार कर दिया। ऐसे में पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में टीम भेजने से इंकार कर दिया।

बृजभूषण को नाबालिग यौन शोषण केस में क्लीन चिट

रेवाड़ी (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान के यौन शोषण केस में क्लीन चिट मिल गई है। गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में नाबालिग के यौन शोषण केस की 550 पन्नों की क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। वहीं 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में करीब 1000 पन्नों की चार्जशीट पेश कर दी गई है। आरोपियों में असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। दरअसल, 7 महिला पहलवानों ने 21 अप्रैल को दिल्ली पुलिस में बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को 2 मामले दर्ज किए थे। पहला मामला 6 बालिग महिला पहलवानों की शिकायत पर था, जबकि एक केस नाबालिग की शिकायत पर दर्ज किया गया था। नाबालिग पहलवान के केस में दिल्ली पुलिस ने कैंसिलेशन रिपोर्ट में कहा, 'जांच में यौन शोषण के कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसलिए इस केस को बंद कर रहे हैं।' दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि पॉस्को मामले में हमने शिकायतकर्ता यानी पीड़ित के पिता और स्वयं पीड़ित के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने के लिए कोर्ट से अपील की है। नाबालिग पहलवान ने बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे, लेकिन बाद में बयान बदल दिए।

विधि आयोग समझे, भाजपा नहीं राष्ट्रहित है महत्वपूर्ण : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। विधि आयोग के समान नागरिक संहिता को लेकर फिर से विचार विमर्श करने की मंशा से बुधवार को प्रेस नोट जारी किये जाने को लेकर कांग्रेस ने उस पर निशाना साधाते हुए कहा है कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक महत्वाकांक्षा साधने वाला प्रेस नोट है इसलिए आयोग को समझना चाहिए कि उसके लिए भाजपा नहीं राष्ट्रहित ज्यादा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरूवार को यहां जारी एक बयान में कहा भारत के 22वें विधि आयोग ने 14 जून को एक प्रेस नोट के माध्यम से समान नागरिक संहिता पर फिर से विचार-विमर्श करने के अपने इरादे को जाहिर किया है। कानून और न्याय मंत्रालय के प्रेस नोट में दिए एक संदर्भ से स्पष्ट है कि यह पहले भी किया गया था। ऐसे में विधि आयोग का समान नागरिक संहिता के बारे में फिर से विचार- विमर्श करने का फैसला आश्चर्यजनक है। उसके प्रेस रिलीज में ही यह स्वीकार किया गया है कि इसके पहले, 21वें विधि आयोग ने अगस्त 2018 में इस विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। उन्होंने कहा कि सरकार दोबारा यह कदम क्यों उठा रही है इसको लेकर नोट में 'विषय के महत्व, प्रासंगिकता और अदालती आदेशों' जैसे अस्पष्ट संदर्भ या तर्क के अलावा कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। इस मुद्दे को फिर से उठाने की वास्तविकता बताते हुए उन्होंने कहा कि 21वें विधि आयोग ने इस विषय की विस्तृत और व्यापक समीक्षा करने के बाद पाया कि समान नागरिक संहिता की 'न तो इस स्टेज पर आवश्यकता है और न ही वांछित।' ऐसे में इस समय इस मुद्दे को हवा देने का प्रयास मोदी सरकार के ध्रुवीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने और विफलताओं से ध्यान भटकाने का स्पष्ट कारण नज़र आता है। उन्होंने कहा जब भारतीय संस्कृति की विविधता का जश्न मनाया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट में लाइव सुनवाई में सुसाइड की कोशिश

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद हाईकोर्ट में गुरुवार को धोखाधड़ी के मामले की लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान पीड़ितों ने सुसाइड की कोशिश की। सुनवाई के दौरान एक दंपती समेत चार लोगों ने फिनाइल पी लिया। चारों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल चारों की हालत खतरे से बाहर है। सोला थाने के पीआई जिग्नेश अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि सुसाइड की कोशिश करने वाले चारों पीड़ित फरियादी हैं। आज कोर्ट में आरोपियों की अग्रिम जमानत की याचिका की लाइव हियरिंग हो रही थी। कोर्ट ने जैसे ही याचिका मंजूर करने का फैसला सुनाया, तभी चारों ने कोर्ट रूम में ही फिनाइल पी लिया। पुलिस की टीमें दो एंबुलेंस से चारों को सिविल अस्पताल ले गईं। सुसाइड की कोशिश करने वालों ने करीब छह महीने पहले अहमदाबाद के प्राइवेट बैंक से लाखों रुपयों का लोन लिया था। लोन की कागजी कार्रवाई भी पूरी हो गई थी, लेकिन लोन की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोचिंग सेंटर में लगी आग, छात्रों ने तीसरी मंजिल से कूदकर बचाई जान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके की संस्कृति कोचिंग सेंटर में गुरुवार दोपहर 12 बजे आग लग गई। इससे वहां मौजूद स्टूडेंट्स में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए छात्र बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से तार के सहारे नीचे उतरते दिखे। कुछ ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई। हादसा बत्रा सिनेमा के पास ज्ञाना बिल्डिंग में हुआ। स्टूडेंट्स का आरोप है कि कुछ लोग अंदर मरे पड़े हैं लेकिन पुलिस किसी को अंदर नहीं जाने दे रही है। पुलिस आंकड़े छिपा रही है। वहीं, कोचिंग सेंटर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिस तैनात है। हालांकि दिल्ली पुलिस की पीआरओ सुमन नलवा ने मीडिया को बताया कि केवल 3-4 छात्रों को चोटें आई हैं। जिन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया था। फायर ब्रिगेड ने भी कुछ देर में आग पर काबू पा लिया था। मुखर्जी नगर इलाके में स्टूडेंट्स प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ सिविल सेवाओं की तैयारी करते हैं। जिस सेंटर में आग लगी वहां 200 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे, साथ ही वहां फायर एग्जिट नहीं था, इस कारण स्टूडेंट्स खिड़की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर बाजार में लगातार तीन दिन की तेजी थमी

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेड रिजर्व के उम्मीद के अनुरूप ब्याज दर में बढ़ोतरी के सिलसिले को विराम देने के बाद वैश्विक बाजार की मिलीजुली प्रतिक्रिया के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, रियल्टी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से गुरूवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी थमी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 310.88 अंक अर्थात 0.49 प्रतिशत का गोता लगाकर 62917.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 67.80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18688.10 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत चढ़कर 28,131.58 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 32,049.91 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3664 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ।

गरमा-गरम

दौरा... शाह दुर्ग में आम सभा को करेंगे संबोधित, बिलासपुर में बनेगी चुनावी रणनीति, पीएम सीजी के पहले आईआईटी का करेंगे लोकार्पण

22 को शाह, 30 को नड्डा, 1 को राजनाथ और 7 अगस्त को पीएम छग के दौरे पर

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले बीजेपी के केंद्रीय नेताओं का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है, जिससे सूबे की सियासत गरमा गई है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में अगले तीन महीने में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय रक्षा मंत्री व प्रधानमंत्री मोदी का दौरा प्रस्तावित है। जबकि 6 माह में आधा दर्जन के करीब केंद्रीय मंत्रियों का दौरा हो चुका है। इससे सूबे की सियासत गरमाई हुई है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह इसी महीने दुर्ग में, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कांकेर में, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बिलासपुर में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुर्ग में जनसभा को संबोधित करेंगे।

22 जून को शाह भिलाई में : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 22 जून को दुर्ग दौरा प्रस्तावित है। गृह मंत्री शाह के दौरे को लेकर दुर्ग भाजपा की ओर से जोरदार तैयारियां की जा रही है। श्री शाह दुर्ग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे इसके लिए भाजपा की ओर से रविशंकर स्टेडियम दुर्ग को सजाया जा रहा है। इस सभा में 50 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं के जुटने की बात कही जा रही है।

नड्डा 30 जून को बिलासपुर में : जानकारी के अनुसार 30 जून को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बिलासपुर दौरा है। श्री नड्डा प्रदेश की राजनीति को लेकर कई अहम मुद्दों पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। यह दौरा विधानसभा चुनाव के लिए बहुत खास होने वाला है। नड्डा बिलासपुर में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों का बही खाता जनता के सामने पेश करेंगे।

रक्षामंत्री 1 जुलाई को कांकेर में : वहीं 1 जुलाई को केन्द्रीय रक्षामंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नक्सल प्रभावित जिला कांकेर में पार्टी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैठकों का दौर जारी

राज्य में भाजपा की वर्तमान हालत के मद्देनजर रखते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साव पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इन बैठकों में कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश में चुनावी रणनीति को तैयार कर पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में भाजपा जुट चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कहने पर प्रदेश के वरिष्ठ नेता अब जनता के बीच दिखने भी लगे हैं। आम नागरिकों को केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल को जनता के सम्मुख रखने और कार्यकर्ताओं के साथ सामांज्सय स्थापित की रणनीति तैयार की जा रही है।

संपादकीय

बिहार महागठबंधन में फूट

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतिश कुमार आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को चुनौती देने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने के अभियान में लगे हुए है। 23 जून को पटना में सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेताओं का जमावड़ा लगने जा रहा है। जिसमें विपक्षी नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बीच नीतिश कुमार के नेतृत्व वाले महागठबंधन में ही टूट हो गई है। हम पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी के पुत्र संतोष सुमन मांझी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार उनकी पार्टी का जदयू में विलय करने के लिए दबाव बना रहे थे। जीतनराम मांझी ने भी ऐसा ही बयान दिया है और कहा है कि वे अपनी पार्टी के नेताओं से विचार विर्मश करने के बाद आगे की योजना तय करेंगे। समझा जा रहा है कि जीतनराम मांझी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उनकी पार्टी ने पहले भी एनडीए के साथ गठबंधन किया था लेकिन बाद में पाला बलदकर वे बिहार में नीतिश कुमार के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हिस्सा बन गए थे और इसका यह लाभ हुआ था कि मात्र विधायक होने के बावजूद जीतनराम मांझी के पुत्र संतोष सुमन मांझी नीतिश कुमार के मंत्रीमंडल में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के रूप में शामिल हो गए थे। किन्तु जितनराम मांझी ने पिछले दिनों इस बात को लेकर आपत्ती दर्ज कराई थी कि बिहार में विपक्षी पार्टियों का जो सम्मेलन होने जा रहा है उसमें उनकी पार्टी को आमंत्रण नहीं दिया गया है।

गौरतलब है कि हालहिं में जीतनराम मांझी ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ भी मुलाकत की थी उसी के बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि जीतनराम मांझी के एनडीए का हिस्सा बन सकते है। बहुत जल्द वे इस बारे में घोषणा भी कर सकते है। यदि ऐसा हुआ तो यह नीतिश कुमार के लिए एक बड़ा झटका होगा। इसके पूर्व भी बिहार के महागठबंधन में शामिल भूपेन्द्र कुशवाह ने गठबंधन से नाता तोड़ दिया था। जदयू के कुछ और नेता भी नीतिश कुमार का साथ छोड़ चुके है। ऐसे में नीतिश कुमार की खुद बिहार में ही स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। हालांकि इन लोगों के साथ छोड़ने से नीतिश कुमार की सरकार को कोई खतरा नहीं है। लेकिन उनके खिलाफ जिस तरह उनके ही साथी बगावत कर रहे हैं उसे देखते हुए उनके प्रधानमंत्री बनने का सपना चकना चूर होता जा रहा है। बहरहाल यह देखना होगा कि 23 जून को पटना में विपक्षी नेताओं की जो बैठक होने जा रही है उसमें कौन-कौन से बड़े विपक्षी नेता शामिल होते है और उस बैठक में आगे की क्या रणनीति तय होती है, तथा नीतिश कुमार को क्या जिम्मेदारी दी जाती है।

विचार

भूपेश सरकार की अच्छी पहल

शराबबंदी से पहले भूपेश सरकार नशाबंदी की दिशा में व्यापक योजना बनाने जा रही है। यह शराबंदी की दिशा बढ़ने का पहला कदम हो सकता है। सरकार की मंशा है कि पहले नशाबंदी से शुरूआत कर सामाजिक जनजागरण से चेतना जागृत कर लोगों को इससे दूर रहने की समझाइश दी जाए, जिसका असर समाज में देखने को मिले। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने के लिए व्यापक जन-जागरण अभियान आरंभ करने के निर्देश दिए हैं। नशा मुक्ति जन-जागरण अभियान की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने देश में नशा मुक्ति के लिए कार्य कर रहे ख्यातिनाम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से आवश्यक परामर्श किया जाए। समाज कल्याण विभाग एक माह में नशा मुक्ति जन-जागरण अभियान की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करें। इस अभियान में शासकीय प्रयासों के साथ ही एनजीओ, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए। यह सरकार का अपने स्तर पर सराहनीय पहल है। जिसे समाज से जोड़कर आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि नशा एक ऐसी गंभीर सामाजिक बुराई है, जिससे मनुष्य का अनमोल जीवन गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है तथा वह अकाल मृत्यु का भी शिकार बन जाता है। नशे के लिए लोगों द्वारा गांजा, भांग, जर्दा गुड़ाखू, तंबाकू, शराब, गुटका, धूम्रपान, चरस, अफीम, स्मैक, कोकीन और ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों का सेवन किया जाता है। छत्तीसगढ़ पुलिस इस पर लगातार कार्रवाई कर रही है तथा छत्तीसगढ़ सरकार भी इसे रोकने का प्रयास कर रही है, किन्तु जब तक हम इस अभियान को जनमानस से नहीं जोड़ेंगे तथा जन-जन तक नहीं पहुंचाएंगे, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो पाएगा। युवा पीढ़ी में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ना अत्यधिक चिंताजनक विषय है।नशे के दुष्प्रभावों से बचाने, युवा पीढ़ी को बर्बादी से बचाने नशा मुक्ति हेतु उच्चतर माध्यमिक शालाओं, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों में जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजन किए जाएं। साथ ही एनजीओ सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाये। नशा मुक्ति अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में उस परिवार को भी शामिल किया जिनके युवा और नाबालिग बच्चे नशा से मुक्ति तो होना चाहते है लेकिन स्वयं अपनी बात अपने अभिभावक से नहीं कर पाते उन्हें काउंसिलिंग की सुविधा जो अपनी बात शेयर करें कि वह नशे के दलदल में कैसे फंसा अब निकलने में क्या परेशानी आ रही है।

योगेश कुमार गोयल

जब हवा 63 किलोमीटर प्रतिघंटा या उससे अधिक रफ्तार से चलती है तो उसे ट्रॉपिकल तूफान कहा जाता है। हवा की गति 119 किलोमीटर प्रतिघंटा से भी अधिक होने पर उसे 'ट्रापिकल साइक्लोन' कहते हैं। किसी चक्रवाती तूफान की रफ्तार प्रायः 62 से 88 किलोमीटर प्रतिघंटा होती है लेकिन तूफान की रफ्तार 221 किलोमीटर प्रतिघंटा से भी ज्यादा होने पर उसे सुपर साइक्लोन कहा जाता है। चक्रवाती तूफानों का सिलसिला प्रायः मौसम में गर्मी की शुरूआत से ही शुरू हो जाता है। सूर्य की गर्मी जब समुद्र में भूमध्य रेखा के पास बढ़ती है तो समुद्र का पानी 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गर्म हो जाता है, जिससे भाप बनती है और गर्म हवा तेजी से ऊपर उठती है। जब गर्म हवा ऊपर की ओर उठती है तो ऊपर की नमी वाष्प के साथ मिलकर बादल बनाती है और वहां कम वायु दाब का क्षेत्र बन जाता है। गर्म हवा ऊपर उठने पर नीचे की खाली जगह भरने के लिए ठंडी हवा तेजी से आ जाती है और इस प्रकार हवा चक्कर काटने लगती है तथा नमी से भरे बादल भी घूमने लगते हैं, जिससे समुद्री तूफान पैदा होता है। तूफान की तीव्रता गर्मी और नमी की अधिकता पर निर्भर करती है।

बहुत तबाही मचा सकता है बिपरजॉय चक्रवाती तूफान

बिपरजॉय के कहर से निपटने की चुनौती

अरब सागर में उठे इस साल के पहले प्री-मानसून चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का डर देश के कई राज्यों में बना हुआ है और इसीलिए समुद्र तट वाले जिलों को हाई अलर्ट घोषित करते हुए वहां एसडीआरएफ एनडीआरएफ और सेना मोर्चा संभाल चुके हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि उसका उद्देश्य 'जीरो कैजुअल्टी' सुनिश्चित करना और इस चक्रवाती तूफान से होने वाले संभावित नुकसान को न्यूनतम करना है लेकिन माना जा रहा है कि यह तूफान कई इलाकों काफी तबाही मचा सकता है। मंगलवार को यह तूफान गंभीर चक्रवात से बेहद गंभीर चक्रवात में बदल गया था। ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ यह तूफान धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है और 15 जून की शाम गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ से इसके टकराने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में इस तूफान के कारण तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलने के आसार हैं। इसी कारण गुजरात में इस तूफान को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। आशंका है कि यह तूफान अति प्रचंड रूप ले सकता है, जिसका अलर्ट मौसम विभाग लगातार दे रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा के मुताबिक बिपरजॉय से काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है, गुजरात में कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर जिलों में तो 15 जून तक 20 सेंटीमीटर से भी ज्यादा बारिश हो सकती है। आमतौर पर इस समय इतनी तेज बारिश नहीं होती है, इसलिए निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिपरजॉय के कारण इतनी तेज हवाएं चल सकती हैं कि पेड़ गिर सकते हैं, घरों को नुकसान हो सकता है, टीन शेड गिरने के साथ ही तटों को भी नुकसान पहुंच सकता है और कुछ इलाकों में बारिश के साथ बाढ़ आने का खतरा भी हो सकता है। बिपरजॉय के खतरे को देखते हुए 69 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, 32 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है जबकि 26 ट्रेनों शॉर्ट-ऑरिजिनेट किया जा रहा है।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अरब सागर में केन्द्रित है और मौसम विज्ञान के महानिदेशक के मुताबिक 15 जून को इससे सर्वाधिक खतरा है, उत्तरी गुजरात में 15 और 16 जून को इसका असर रहेगा। इसलिए प्रभावित स्थानों पर लोगों को घर के अंदर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है क्योंकि इसके आने से पेड़, बिजली के खंभे, सेलफोन टावर उखड़ सकते हैं, जिससे बिजली और दूरसंचार में व्यवधान आ सकता है और इस भीषण तूफान की वजह से खड़ी फसलों को भी नुकसान होगा। मौसम विभाग द्वारा 8 राज्यों लक्षद्वीप, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, केरल और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इस तूफान के कारण तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी जा चुकी है। भारत के तटवर्ती राज्य अक्सर ऐसे चक्रवाती तूफानों से प्रभावित होते रहे हैं। इस तरह के चक्रवाती तूफान अपने पीछे केवल बर्बादी छोड़ जाते हैं। इससे पहले आए अम्फान, निसर्ग, निवार जैसे चक्रवाती तूफान भी भारी तबाही मचा चुके हैं। भीषण तबाही मचाकर गुजर जाने वाले ऐसे तूफानों के बाद भी तूफान प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को लंबे समय तक अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बहरहाल, बिपरजॉय के कहर से निपटने के लिए की गई तमाम तैयारियों के बाद भी तबाही होनी तो तय है ही, इसलिए जरूरी है कि इसके गुजर जाने के बाद लोगों को भावी मुसीबतों से निजात दिलाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जाएं।

वैसे भारी तबाही मचाने वाले ऐसे तूफान अपने नामों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। चूंकि यह तूफान बांग्लादेश से उठा है, इसलिए बांग्लादेश ने ही इस तूफान को बिपरजॉय नाम दिया है। बंगाली में 'बिपरजॉय' के नाम का अर्थ है आपदा या विपत्ति। दरअसल, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जो भी चक्रवात आते हैं, उनके नाम बारी-बारी से इस इलाके के देश ही रखते हैं। ये सिस्टम पहले से ही तय होता है। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों के नामकरण की वर्ष 2004 से यही प्रक्रिया चली आ रही है। इससे पहले ऐसे ही चक्रवाती तूफानों को बुलबुल, लीजा, हुदहुद, कटरीना, निवार जैसे अलग-अलग नाम दिए जा चुके हैं। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों को नाम देने के लिए भारत, बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड ने मिलकर एक फार्मूला बनाया था। सभी देशों द्वारा अपने नामों की एक सूची वर्ल्ड मीटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन को दी हुई है। इस सूची में भारत की ओर से अग्नि, आकाश, बिजली, मेघ, सागर जैसे नाम शामिल हैं जबकि पाकिस्तान की सूची में नीलोफर, तितली और बुलबुल जैसे नाम हैं। नाम देने लायक चक्रवात आने पर उपरोक्त 8 देशों के भेजे नामों में से बारी-बारी से एक नाम चुना जाता है।

भयंकर तूफानों का नामकरण किए जाने के पीछे भी अहम कारण हैं। साइक्लोन या चक्रवात ग्रीक शब्द 'साइक्लोज' से बना है, जिसका अर्थ है, वैसा सांप, जिसने कुंडली मार रखी हो और हमले के लिए तैयार बैठा हो। इसमें कम दबाव के क्षेत्र में हवा अंदर की ओर चक्कर काटती रहती है। कोई भी तूफानी हवा चक्रवात तभी कहलाती है, जब वह कम से कम 74 मील प्रतिघंटा (करीब 119 किलोमीटर प्रतिघंटा) की रफ्तार पकड़ ले। जब तूफान चक्रवात का रूप धारण कर लेता है, तब उसका एक नाम दिए जाने की परम्परा है। किसी तूफान को नाम इसलिए दिया जाता है ताकि उसका कोई नाम होने से लोगों को उसकी भयावहता को लेकर समय रहते चेतावनी दी जा सके और प्रभावित होने वाले क्षेत्र में लोग उसे गंभीरता से ले सकें। नामकरण के बाद ऐसे तूफानों से निपटने के लिए तैयारी करने में भी मदद मिलती है। किसी भी तफान की श्रेणी हवा की गति के आधार पर ही तय की जाती है। तूफान की श्रेणी हवा की गति बढ़ने के आधार पर 1 से 5 की स्केल पर चली जाती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण मामलों के जानकार हैं तथा पर्यावरण पर 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक लिख चुके हैं)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरे आंगन में ठहरे हैं तुम्हारी याद के साय

मेरे आँगन में ठहरे हैं तुम्हारी याद के साये तुम्हारे आने तक दिल से लगाकर साथ रखना है सजाना है कभी हाथों में मेंहदी की तरह तुझको कभी आँखों में काजल- सा समा कर साथ रखना है।

आरती कुमारी

कैसे पत्थर से रेत हो जाऊं आगे

कैसे पत्थर से रेत हो जाऊँ, आगे

दुश्मन के खेत हो जाऊँ मैं लिखुंगा मुकद्दर खुद ही, कहो कैसे मटियामेट हो जाऊँ ज़िन्दगी है, कोई किस्सा, किताब, फ़िल्म कोरा सपना नहीं झूठ को सच कहूँ, गाऊँ आरती औ किसी का दास हो जाऊँ।

केदार नाथ शब्द मसीहा

खास पाती

कितनी ही दफा तुम मुझे फिर

कितनी ही दफा तुम मुझे फिर से मिले कुछ कहने के लियेऔर उतनी ही दफा तुममायूस भी हुए हो कुछ ना कह पाने की बेबसी लिए हुए इस दफा मिलना तो कह ही देना जो कहना है हाँ/ ना करना तो हर दफा मेरा ही अधिकार रहेगा ना। **नीलिमा शर्मा**

समस्याएं अनंत हैं, लेकिन इसका

समस्याएं अनंत हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनके सामने घुटने टेक दिए जाएं। भगवान ने खुद अनेक कष्ट सहे हैं और हर संकट का समाधान निकाला है। उन्होंने यह लीला मनुष्य को समझाने और रास्ता दिखाने के लिए की है। संकट आने पर घबराने और निराश होने के बजाय हल खोजने की कोशिश की जाए तो जीवन की गाड़ी पुनः पटरी पर आ जाएगी। विचलन की स्थिति ठीक नहीं होती। हर समस्या का समाधान है। **राजकुमार धर द्विवेदी**

कभी-कभी मेरी बातों में एक

कभी-कभी मेरी बातों में एक अधूरापन रहता है, जैसे ही तुम्हें छूती हूँ अधूरा भी पूरा लगता है, कहने को तो सारी दुनिया संग है, अंतर्मन में छिड़ी एक जंग है, सब अपने से लगते हैं, दूजे पल सब दूर दिखते हैं, कैसी इच्छाएँ जो मन से कहती हैं, क्यों तेरी पलकों पर वेदना की शीतल बूंद रहती है..? वैसे तो जैसे तैसे दिन बीत जाता है, मेरी आँखों में उठे सैलाब को प्रतिपल जगाता है..! अश्रु धारा को मैं यूं ही थाम लेती हूँ, मुट्ठी में समेट लेती हूँ.. हाँ मैं अश्रु धारा सी रहती हूँ, कभी कल-कल नदिया सी बहती हूँ...! **अनुभूति अनु**

कागज़ गर बोल सकता कहता

कागज़ गर बोल सकता कहता, कलम से इतिहास लिखो सच का , मानवता का प्रेम का, स्नेह का सहिष्णुता का सहनशीलता का शौर्य का, सहभागिता का काव्य लिखो , ग्रंथ लिखो कलम दो बूंद आँसू गिरा कहता नफरत की स्याही जो भर दी इंसान ने प्यार कहाँ से लाऊँ शब्दों के विस्तार में। **शिखा लाहिरी**

सच्चाई है चेहरे पर हमेशा रौनक

सच्चाई है चेहरे पर हमेशा रौनक होंठों पर हमेशा हँसी जीवन में दिखने वाली ऊपरी संपन्नता अंदर के अवसाद को सबकी नजर से ढंक तो देती है पर खत्म नहीं करती बल्कि पल पल खाती रहती है भीतर ही भीतर पूरी तरह खत्म होने तक और यूं ही विदा हो जाता है दुनिया से जैसे दुनिया उसकी थी ही नहीं। **अनामिका चक्रवर्ती**

देख रहा था एक दिन मैं एक मृत

देख रहा था एक दिन मैं एक मृत आदमी के चेहरे को और सोच रहा था ये आंखें जिनको देख के खिल उठती थी उनके लिये अब कभी नहीं खुलेंगी ये होठ जिनके करीब आने से ही मुस्कुरा उठते थे अब उनके लिये कभी नहीं मुस्कुरायेंगे ये भौंहें जिनके साथ रोज शरारत करती थी ये अब कभी नहीं उठेंगी ये गाल जिनके बोसे के इन्तजार में फूल जाते थे अब उनके लिये कभी नहीं फूलेंगे ये कान जिनकी आहट के लिये हमेशा दरवाजे पर खड़े रहते थे अब उनको कभी नहीं सुनेंगे। कितना कुछ चला जाता है एक आदमी के जाने से शायद तभी लोग इतना रोते हैं हम सभी लोग । **राजीव कुमार**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1606- जहाँगीर के शासनकाल में गुरु अर्जुन देव को लाहौर (पाकिस्तान) में भयंकर यातना देकर मार डाला गया। 1858- प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई। 1903- फोर्ट मोटर कंपनी चालू हुई। 1983 - छत्तीसगढ़ के 'गुरु घासीदास विश्वविद्यालय' की स्थापना हुई। 2001 - अमेरिकी राष्ट्रपति बुश की पांच दिवसीय यूरोप यात्रा रूस में समाप्त, पुतिन ने अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम का विरोध किया। 2006 - नेपाल में माओवादी अंतरिम सरकार में शामिल होने पर सहमत। 2007 - सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला बनीं। एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए शिल्पा को सिल्वर स्टार अवार्ड से नवाजा गया। 2008 - उत्तर प्रदेश राज्य वित्त मंत्रालयों का एक पैनल पेट्रोलियम ईधनों पर बिक्रीकर में कटौती पर सहमत हुआ। मशहूर शायर वसीम बरेलवी को प्रथम फ़िराक़ गोरखपुरी पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्व में इस्पात बनाने की सबसे बड़ी कम्पनी आर्सेलर मित्तल ने अमेरिकी कम्पनी बंभू स्टील का अधिग्रहण किया।

आज का पंचांग (शुक्रवार, 16 जून 2023)

सूर्योदयः 05:36, सूर्यास्तः 07:16
चन्द्रोदयः 27:28, चन्द्रास्तः 16:49
अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)
ऋतुः ग्रीष्म, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : आषाढ, पक्ष : कृष्ण, तिथिः त्रयोदशी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : धृति, करण : गर

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृष (20:23 से), मंगलः कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्रः कर्क (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:49 से 12:45, अमृत काल 09:17 से 10:56, विजय मुहूर्त 14:38 से 15:34, गोधूलि मुहूर्त 19:18 से 19:38, सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:19, निशिता मुहूर्त 23:58 से 24:37, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 05:15 से 07:01, होमाहुति केतु, दिशा शूल दक्षिण, अग्निवास आकाश, चन्द्र वास पूर्व (दक्षिण 20:23 से), शिववास नन्दी पर (08:32 से भोजन में)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम कृतिका नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय,एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (अ, ई, उ,ए) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - शुभ, 2 - रोग
3 - उद्वेग, 4 - चर
5 - लाभ, 6 - अमृत
7 - काल, 8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - अमृत, 2 - चर
3 - रोग, 4 - काल
5 - लाभ, 6 - उद्वेग
7 - शुभ, 8 - अमृत

उदय-लग्न मुहूर्त

वृषभ - 27:26 से 05:21
मिथुन - 05:21 से 07:36
कर्क - 07:36 से 09:57
सिंह - 09:57 से 12:16
कन्या - 12:16 से 14:34
तुला - 14:34 से 16:55
वृश्चिक - 16:55 से 19:14
धनु - 19:14 से 21:18
मकर - 21:18 से 22:59
कुम्भ - 22:59 से 24:25
मीन - 24:25 से 25:48
मेष - 25:48 से 27:22

QUIZ TIME

1) माउंट एवरेस्ट को चीन में क्या कहा जाता है?

2) भारत में द्वीपों की कुल संख्या कितनी है?

3) अंडमान निकोबार द्वीप समूह किस नाम से जाना जाता है?

4) रेटिना पर बनने वाला प्रतिबिंब कैसा होता है?

5) किस पार्श्व गायिका को फिल्म सूरज (1966) के गीत तितली उड़ी के लिये पहचाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोमोलांगमा (2) 247 (3) मरकत द्वीप (एमराल्ड आइलैंड) (4) वास्तविक, उल्टा तथा छोटा (5) शारदा राजन आयंगार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आपके अंदर चंचलता अधिक रहेगी। आज जल्दी से किसी कार्य को करने का मन नही करेगा घरेलू कार्यो को भी यथा संभव टालने की कोशिश करेंगे।

वृष : आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। अस्त व्यस्त दिनचार्य रहने के कारण सभी कार्य धीमी गति से होंगे।

मिथुन : आज आपके दिन का आरंभ शुभ समाचार से होगा। परिजनों से मनोकामना पूर्ति करवा सकेंगे लेकिन आज आपके लिए व्यावसायिक अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण सरकारी कार्यो को आगे के लिए सरकाना ही बेहतर रहेगा।

कर्क : नौकरी पेशा जातको के लिए आज का दिन शांति वाला रहेगा अधिकारियों से अपनी बात आसानी से मनवा लेंगे ।

सिंह : आज के दिन आपमे आध्यात्मिक भावनाएं रहने से ईश्वरीय भजन पूजन में समय देंगे धार्मिक क्षेत्र की यात्रा भी हो सकती है।

कन्या : आज के दिन भी आपको विविध परेशानियों का सामना करना पड़ेगा सेहत असामान्य रहने से मानसिक उद्वेग रहेगा ऊपर से घरेलू परेशानियां भी पीछा नही छोड़ेंगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा परन्तु आज आपका विनोदी स्वभाव रंग में भंग भी डाल सकता है। सामने वाले का स्वभाव अचानक बदलने से हतप्रभ रहेंगे।

वृश्चिक : आज के दिन आपके सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। घर के लिए नए सामन की खरीददारी करेंगे।

धनु : आज के दिन आप अपने आप को अन्य लोगो की अपेक्षा उच्चतम आंकेंगे। वैचारिक स्थिति आज बेहतर रहने से घर बाहर प्रसंशा होगी।

मकर : आज का दिन अशांति से भरा रहेगा। प्रातः काल मे ही आसपडोसी अथवा पारिवारिक सदस्य से किसी पुरानी बात को लेकर कहासुनी होगी।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दायक रहेगा। घर एवं बाहर का वातावरण अनुकूल रहने से मन इच्छित कार्य कर सकेंगे।

मीन : आज का दिन आपके लिए शान्तिप्रद रहेगा। आज की दिनचार्य थोड़ी विलम्ब से आरम्भ होगी सुस्ती अधिक रहने से कार्य क्षेत्र पर भी विलम्ब होगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -095

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, पन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 094 का हल

तेलंगाना के किसानों ने छग के किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं को सराहा

■ तेलंगाना के 500 किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की मुलाकात

■ तेलंगाना का पारंपरिक वस्त्र गोंगड़ी पहनाकर मुख्यमंत्री का किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल देखने आए तेलंगाना के किसानों ने छत्तीसगढ़ में संचालित किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं को सराहा। तेलंगाना के विभिन्न जिलों से आए 500 किसानों ने राजनांदगांव और दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित की जा रही किसान हितैषी योजनाओं का अवलोकन करने के बाद आज सवेरे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास में प्रदेश के मुखिया श्री बघेल से अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए तेलंगाना से आए किसान प्रतिनिधियों ने पारम्परिक वस्त्र गोंगड़ी पहनाकर और बैलगाड़ी का मॉडल भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तेलंगाना के किसानों ने इसके पहले राजनांदगाव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड के अमलीडीह गौठान और दुर्ग जिले के पुलगांव गौठान का अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ के किसानों, मजदूरों और गौपालकों से चर्चा कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं और नीतियों की तारीफकरते हुए तेलंगाना के किसान प्रतिनिधि श्री शरद कुमार ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता और किसानों के हित में महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही हैं और इनका लाभ भी आम जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने महात्मा गाँधी की ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार किया है। धान का बेहतर मूल्य, गोबर की खरीदी, जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलने से यहां के किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही है। शरद कुमार ने कहा कि भूपेश सरकार का यह किसान मॉडल पूरे देश में भी लागू किया जाना चाहिए।

शरद कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाओं से न केवल किसान समृद्ध हो रहे हैं, बल्कि बेहतर आजीविका भी सुनिश्चित हो रही है और इस पूरे मॉडल को समझने के लिए तेलंगाना से हम सभी किसान छत्तीसगढ़ आए हैं। तेलंगाना से आए किसान श्री एम. शिवा वीर रेड्डी ने कहा आपकी सरकार प्रदेश के किसानों के लिए बढ़िया काम कर रही है। गोबर खरीदी योजना से पूरे देश में आपकी पहचान गोबर खरीदने वाले मुख्यमंत्री के रूप में बनी है। स्वामी ने कहा कि मैं स्वयं गोपालन करता हूं यदि आप जैसी योजनाएं हमारे भी प्रदेश में भी संचालित होती तो मैं एक सौ नहीं हजार गाय पालता। स्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गौठान, गोपालन तथा किसानों के हित में संचालित की जा रही योजनाओं का, मीडिया के जरिए पूरे देश में प्रचार-प्रसार होना चाहिए ताकि अन्य प्रदेश के किसानों को भी इसकी जानकारी मिल सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हमारी सरकार किसानों की सरकार है और किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए हम संकल्पित हैं।

गृहमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

■ लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

■ निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने गत बुधवार को बेमेतरा जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने 2023-24 के बजट में सम्मिलित सड़क निर्माण कार्य के तहत पूर्ण, अपूर्ण, और प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने बजट एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय अनुपूरक बजट में सम्मिलित कार्यों की प्राक्कलन की स्थिति की जानकारी ली। लोक निर्माण मंत्री श्री साहू ने जिले के निर्माणाधीन निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से एवं समय सीमा में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही श्री साहू ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ई-श्रेणी पंजीयन, प्रगतिरत कार्य, दिए गए कार्यों इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप चल रहे विभिन्न कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी और कलेक्टर को समय-सीमा की बैठक में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों सहित अन्य विभिन्न कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।श्री साहू ने जिले के ब्रिज निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना इत्यादि अन्य विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में स्थानीय विधायक आशीष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

धोखेबाजों को क्लीन चिट देने आरबीआई लाई नई नीति : कांग्रेस

■ जानबूझकर क़र्ज़ न चुकाने वालों के लिए मोदी सरकार ने खोला चोर दरवाज़ा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने आरबीआई के नए फैसले को लेकर मोदी सरकार पर जानबूझकर ऋण न चुकाने वालों और धोखाधड़ी करने वालों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आरबीआई की नई नीति से यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी सरकार मध्यम वर्ग के खिलाफ है और जानबूझकर कर्ज न चुकाने व धोखाधड़ी करने वाले पूंजीपतियों के साथ है। इस नई नीति से देश को नुकसान होगा और धोखाधड़ी करने वाले सरकार के कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा होगा।

भाजपा सरकार धोखाधड़ी कर देश से भागने वाले अपने कुछ पूंजीपति मित्रों को क्लीन चिट देने के लिए यह नीति लाई है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आरबीआई ने जानबूझकर ऋण न चुकाने वालों और धोखाधड़ी कर देश से भागने वाले पूंजीपतियों को क्लीन चिट देते हुए मोदी सरकार ने चोर दरवाज़ा खोलने के लिए अपनी नीति में अचानक बदलाव किया है। सरकार द्वारा देश की कमाई को धोखाधड़ी करने वालों पर न्यौछावर किया जा रहा है। मोदी सरकार में 38 पूंजीपति बैंक घोटाला कर देश से भाग गए। अब इस नई नीति से यह संख्या और बढ़ने वाली है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर भागने वालों पर मोदी सरकार इतनी मेहरबानी क्यों दिखा रही है? ये सवाल देश की जनता आज मोदी जी से पूछ रही है।

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित चार निष्कासित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस में गुटबाजी के बाद चार पदाधिकारियों को हटा दिया गया है। छत्तीसगढ़ की प्रभारी पलक वर्मा और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बिलासपुर युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष जयकिशन राजू यादवए जिला उपाध्यक्ष नीतेश सिंह ठाकुर, विधानसभा उपाध्यक्ष विश्वजीत अनंत और विधानसभा अध्यक्ष सुनील साहू को निष्कासित किया है। बिलासपुर में मेग्नेटो मॉल के बाहर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में आपस में मारपीट हुई थी मस्तूरी विधानसभा के उपाध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष से मारपीट के मामले में ग्रामीण अध्यक्ष के नेतृत्व में ही कार्यकर्ता थाने पहुंच गए थे। इन पर जातिगत रंग देने का भी आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने डीजीपी का आभार माना

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर के एक शिष्ट मंडल ने (13 जून 2023) को छत्तीसगढ़ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक जुनेजा से सौजन्य भेंट किया। विगत दिनों रतनपुर बिलासपुर में एक अबला ब्राह्मण महिला के ऊपर झूठा पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था उस विषय में आपके द्वारा दिये गए दिशानिर्देश से एक अबला महिला को न्याय मिला और फर्जी केस दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई और आपके दिशानिर्देश में इस जांच जो सच सामने आया इसके लिए ब्राह्मण समाज सदैव आपका आभारी रहेगा । इसी प्रकार वाट्सएप के माध्यम से हिन्दुओं के आराध्य भगवान ब्रह्मा जी एवं ब्राह्मण समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ समग्र ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा श्री प्रशांत अग्रवाल जी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर भी त्वरित कार्यवाही की गई । इस परिप्रेक्ष्य में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आज पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में जाकर डीजीपी श्री अशोक जुनेजा जी से मिलकर उनके द्वारा किये त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही के लिए उनको स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया । प्रतिनिधि मंडल में समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल व कार्यकारिणी सदस्य पं. आर. के. दीक्षित, पं. विजय शुक्ल, पं. विमल शुक्ल, पं. प्रशांत तिवारी उपस्थित रहें।

आज लोन मेले का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय आईटीआई सड्डू में 16 जून को प्रातः 11 बजे एक दिवसीय लोन मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में जिले के बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों जिसमें 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आईटीआई और स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को उनकी योग्यता और रूचि अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने ऋण प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक ने बताया कि इच्छुक हितग्राही उक्त लोन मेला के माध्यम से ऋण प्राप्त करने एवं लोन मेला में सम्मिलित होने के लिए गुगल लिंक पर अपना ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

डॉ संजय अलंग ने आयुक्त का पदभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर संभाग के नवनियुक्त आयुक्त डॉ संजय अलंग ने रायपुर संभाग कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ अलंग सुबह रायपुर कमिश्नर कार्यालय पहुँचे और विधिवत् पदभार ग्रहण किया। डॉ अलंग इसके पहले बिलासपुर संभाग के आयुक्त थे। वे 2004 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यालय में प्रभारी कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नये आयुक्त का स्वागत किया और ज़िले की प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। संभाग आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी नये आयुक्त का स्वागत किया। पदभार संभालते ही डॉ अलंग ने पूरे कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय आने वाले नागरिकों को समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुने और यथासंभव शीघ्र समाधान करने का प्रयास करें। अधिकारी कर्मचारी नियमो की जानकारी रखें, नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने राजस्व न्यायालय में प्रकरणों को ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ज़िला पंचायत के सीईओ अविनाश मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर द्वय श्रीमती ज्योति सिंह, श्रीमती सरिता तिवारी सहित कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एड एजेन्सीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। एडवरटाईजिंग एजेंसज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक बैठक 14 जून को आहुत की गई थी जिसमें अधिकांश सदस्य उपस्थि थे जिसमें प्रमुख रूप से जनहित में किए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई तथा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आगामी कार्यों पर चर्चा करके निर्णय लिए गए। सदस्यगण-शिवाजी मत्थानी, अजय जैन, दीपक जैन (संरक्षकगण) अध्यक्ष ओंकार सिंह, महासचिव अफसर खान, राजेश दुग्गड़, अतुल जैन, पंकज टावरी, रितेश जैन, वीरेन्द्र शुला, निशिथ ठाकुर, हसन नकवी, मनमोहन पारख, मनीष रामटेके, प्रबोध जैन,,पंकज गुप्ता, विजय घोष, नीरज शर्मा, रेहान खान, मानस सिंह, नितिन गिरिभट्ट एवं बलदाऊ तिवारी आदि सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



पूर्व रमन सरकार में 1 लाख करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ : कांग्रेस

■ पूर्व रमन सरकार ने हर विभाग हर योजना में करोड़ों का घोटाला किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पूर्व रमन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान प्रदेश में 1 लाख करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है। हर विभाग, हर योजना में वित्तीय गड़बड़ियां किया गया। 20 लाख फर्जी राशन कार्ड और चावल की बोरी में वजन कम करके किया गया 36 हजार करोड़ का नान घोटाला सबसे बड़ा घोटाला है। 4400 करोड़ का शराब घोटाला, 1677 करोड़ का गौशाला अनुदान घोटाला, 5 हजार करोड़ का मोबाईल घोटाला, 6400 करोड़ का ई-टेंडरिंग घोटाला, सरस्वती सायकल योजना, स्कूल ड्रेस खरीदी घोटाला, दवा खरीदी घोटाला, परिवहन घोटाला, अगुस्ता हेलीकाफ्टर खरीदी घोटाला, डीकेएस अस्पताल घोटाला, पनामा पेपर्स घोटाला, चरणपादुका खरीदी घोटाला, तेंदूपत्ता बोनस एवं बीमा घोटाला, छात्रवृत्ति घोटाला, अमृत नमक योजना में घोटाला, चना, गुड़ वितरण में घोटाला, रसायनिक खादों में घोटाला, कृषि यंत्रों के खरीदी में घोटाला, बारदाना खरीदी घोटाला, धान परिवहन घोटाला, 170 करोड़ रुपए का मच्छरदानी खरीदी घोटाला, स्काईवॉक, एक्सप्रेस-वे, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण में घोटाला, पशु चारा घोटाला, मुर्गी दाना घोटाला, मछली पालन घोटाला, परिवहन विभाग में घोटाला, आबकारी विभाग में घोटाला, चिकित्सक की उपकरण खरीदी घोटाला, वन विभाग में घोटाला, दिव्यांग जनों के नाम से 1000 करोड़ का घोटाला, आदिवासी बच्चों को हॉस्टल में बर्तन देने के नाम से घोटाला सहित अनेक घोटाले हैं जो 15 साल के रमन सरकार के घोटालों के इतिहास के साक्षी हैं और इन्हीं घोटालों के कारण डॉ रमन सिंह को छत्तीसगढ़ की जनता भ्रष्टाचार के अंतर्राष्ट्रीय पितामह कहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के चलते ही भाजपा के रायगढ़ कार्यसमिति की बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को कहना पड़ा था कि 1 साल के लिए कमीशनखोरी बंद कर दिया जाए तो 30 सालों तक छत्तीसगढ़ को लूटा जा सकता है।

एलन के सारांश ने किया टॉप

■ 11 स्टूडेंट्स के 650 से ज्यादा अंक

रायपुर/नवप्रदेश। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल इलेजिब्लिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी)-2023 का परिणाम जारी कर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी परिणामों में एलन रायपुर के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन के 11 स्टूडेंट्स ने 650 से ज्यादा अंक हसील किये। एलन रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट सारांश पटेल ने 720 में से 690 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक- 824 हासिल की और छत्तीसगढ़ स्टेट टॉपर बने। इसके अलावा एलन रायपुर की पूर्वी जैन ने 685 अंक के साथ गर्ल्स में टॉप किया हैं, वही ओम परधी ने 678, गगन शदानी, क्षितिज सागर हेलोडे, अक्षरा जैन ने 675 अंक, आयंश अग्रवाल, हरिओम सिंघल के 670, क्षितिज सोलंकी 655, आरुषि पटेल 655 और शुभम पटेल ने 650 अंक प्राप्त किए हैं। नेशनल रिजल्ट में एलन के पार्थ खंडेलवाल ने 715 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-10 प्राप्त की है।

पाटन में प्रशिक्षण शिविर आज

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 के परिप्रेक्ष्य में बूथ प्रबंधन सहित विधानसभा चुनाव की तैयारी के विभिन्न पहलुओं से प्रशिक्षित कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 16 जून 2023 को सुबह 10 बजे पाटन विधानसभा क्षेत्र से शुभारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण शिविर का दूसरा सत्र 17 जून सुबह 10 बजे राजधानी रायपुर में आयोजित होगा।

18 जून को रामपुर, लोरमी, मुंगेली, कोटा, बिल्हा, बेलतरा एवं मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में तथा 19 जून को अकलतरा, जांजगीर-चांपा, जैजेपुर, पामगढ़, बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से विधानसभा चुनाव के पहलुओं पर, विषयों पर विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंग।

संगठननिष्ठ कार्यकर्ताओं की वजह से भाजपा शिखर पर: बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। बोरियाकला रायपुर में ग्रामीण विधानसभा तथा सिंधु पैलेस शंकर नगर में उत्तर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संगठननिष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के त्याग,तप और बलिदान की वजह से ही आज भारतीय जनता पार्टी शिखर पर विराजित है। भाजपा को मजबूत बनाने और राष्ट्रवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए किए गए उनके संघर्षों को कभी भुलाया नही जा सकता।

इस सम्मेलन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाजपा संगठन की दशा और दिशा को लेकर अपने विचार रखें। इस दौरान उपस्थित जनों से रूबरू होते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आप वरिष्ठ जनों के कंधों पर बैठकर ही हमने राजनीति में सफ्लता अर्जित की है। इसलिए आप सभी का मार्गदर्शन और सहयोग भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा ही जरूरी रहा है।उन्होंने कहा कि बीते साढ़े 4 सालों से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। इस सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटालों का कीर्तिमान रच कर छत्तीसगढ़ को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। 15 साल के भाजपा राज में जो विकास के काम हुए हैं वो ही दिख रहे है। कांग्रेस की सरकार ने कुछ नया काम नहीं किया है। यहां तक की केंद्रीय योजनाओं का लाभ भी छत्तीसगढ़ की जनता को देने में वे आनाकानी करने लगे हैं। नल जल योजना में छत्तीसगढ़ देश में 23वे स्थान पर है।

ऐसा ही हाल प्रधानमंत्री आवास योजना का है। मोदी सरकार इस योजना के लिए हजारों करोड़ रुपए भूपेश सरकार को प्रदान कर रही है परंतु सारी योजनाओं को ये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का उल्लेख करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीते 9 सालों में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। हर क्षेत्र में देश ने सफ्लता के झंडे गाड़े ही हैं,गांव,गरीब और किसानों के विकास की दिशा में भी अनेक बड़े काम और सुधार हुए है। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो बीते 4 सालों में डेढ़ लाख करोड़ रुपए मोदी सरकार ने प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में धर्म की रक्षा के लिए भी नरेंद्र मोदी जी की सरकार प्रतिबद्ध है। आज हम भाजपाइयों के लिए गर्व की बात है कि हमने कहा था राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे आज देखिए भाजपा ने जो कहा वो कर दिखाया है। आज भाजपा राज में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल मंदिर, की भव्यता विराट स्वरूप में दिख रहा है।

निधन

राधेश्याम अग्रवाल

रायपुर। एकता नगर गुढ़ियारी निवासी राधेश्याम अग्रवाल का गुरुवार 15 जून को निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे एकता नगर निवास से कोटा मुक्तिधाम को जाएगी। वह प्रमोद अग्रवाल एवं प्रकाश अग्रवाल के पिता, राजेंद्र गोयल (उदया सोसाइटी) के बड़े भाई, अरविंद गोयल संजय गोयल, अभिषेक के ताऊजी,प्रणय के दादाजी थे।

मोदी सरकार बताए कब 18 करोड़ युवाओं को रोजगार देगी?

■ 9 साल में 18 करोड़ रोजगार की जगह मात्र 70 हजार नियुक्ति पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को प्रदेश में हो रहे विभिन्न विभागों के सरकारी पदों पर भर्ती के लिए मिले आवेदनों की गिनती करने के बजाये उन्हें प्रदेश के युवाओं को बताना चाहिए कि मोदी सरकार बनाने के लिए जो भाजपा ने दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया था 9 साल में 18 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना था जो अब तक नही मिला है। उल्टा मोदी सरकार की कुनीतियों के चलते प्रतिवर्ष ढाई करोड़ हाथों से रोजगार छिना गया, 9 साल में 23 करोड़ हाथ जिनके पास रोजगार था वह भी बेरोजगार हो गये।

मोदी सरकार ने 9 साल में मात्र 70 हजार नियुक्ति पत्र देकर देशभर के युवाओं के साथ वादाख़िलाफ़ी किया है जबकि केंद्र में अभी 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त है जो मोदी सरकार की निजीकरण की नीति के चलते खाली है और मोदी सरकार पढ़े लिखे युवाओ को पकौड़े तलने की सलाह दे रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सरकार के दौरान 2018 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 22 प्रतिशत से अधिक था आज वह घटकर 1 प्रतिशत से नीचे है।

पुनर्वास केन्द्रों से कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकलते बच्चे

- 6 पोषण पुनर्वास केन्द्रों से 2 हजार बच्चे हुए लाभान्वित
- कोई भी बेड ना रहे खाली, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दे रखे है निर्देश
- बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन की व्यवस्था, पालकों की काउंसलिंग

रायगढ़/नवप्रदेश। देश व समाज की अमूल्य पूंजी उसका मानव संसाधन होती है, जिससे समाज का विकास परिलक्षित होता है। यहीं दूरगामी सोच राज्य शासन की योजनाओं में भी दिखाई दे रही है। जो बच्चों को शत-प्रतिशत सुपोषित कर स्वस्थ समाज बनाने की संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। शासन द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, पूरक पोषण आहार के साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र भी संचालित किए जा रहे है। जहां गंभीर कुपोषित बच्चों को रखकर उनका उपचार किया जाता है व उनकी देखरेख होती है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बच्चों के कुपोषण मुक्ति को लेकर लगातार विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे है। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की बैठकों में कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सुचारू संचालन पर उनका विशेष जोर रहता है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कोई भी बेड खाली ना रहे इसके विशेष निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने दे रखे है। उनके पहल पर तमनार में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र प्रारंभ हाल ही में शुरू हो गया है।

पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को एक निश्चित दिन तक विशेष निगरानी में उन्हें पोषण

आहार उपलब्ध कराया जाता है। जहां 6 माह से 5 साल तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को प्राथमिक रूप से 15 दिन तक भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार देकर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में उनका इलाज किया जाता है तथा अति गंभीर कुपोषित होने पर बच्चों को 21 दिन तक भी रखा जाता है। इस दौरान भर्ती किये जाने वाले बच्चों का स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया जाता है। जिसमें सही मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया जाता है। साथ ही यहां उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान किया जाता है। प्रतिदिन बच्चों का वजन कर उसी के हिसाब से उनको भोजन एवं दवाइयाँ दी जाती है। एनआरसी से बच्चे की छुट्टी होने के बाद बच्चे का प्रत्येक 15 दिन में कुल 4 बार फॉलोअप भी किया जाता है।

2 हजार बच्चों को मिला नया जीवन

जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को बेहतर ढंग से सुपोषित करने के उद्देश्य से जिले के रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा, कापू में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का संचालन किया जा रहा है। जिससे जिले के गंभीर कुपोषित बच्चे लाभान्वित हो रहे है। इसके साथ भी आवश्यकतानुसार जिले के अन्य स्थानों में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र तैयार करने की योजना बनायी जा रही है। जिसमें अब तक अप्रैल 2023 की स्थिति में 2 हजार 193 गंभीर/अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार के बाद नया जीवन मिला है।

पालकों की होती है काउंसलिंग

एनआरसी में रसोई एवं शौचालय की सुविधा भी मौजूद है। साथ ही केन्द्रों का माहौल बच्चों के अनुकूल तैयार किया जाता है। बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद की यहां समुचित व्यवस्था होती है। बच्चे के साथ एनआरसी आने वाली उनकी माता या उनके साथ आने वाले परिजनों को भी दिन में 2 समय भोजन और प्रतिदिन 150 रुपया के हिसाब से 2250 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। कुपोषण को दूर करने में सही जीवन शैली व खानपान का विशेष महत्व होता है। जिसे ध्यान रखते हुए यहाँ प्रतिदिन स्टॉफ नर्स के द्वारा माताओं की काउंसलिंग की जाती है। जिसमें उन्हें बच्चों के देखरेख, टीकाकरण, पोषण और स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने भानूप्रताप सिंह के निधन पर दुख प्रकट किया

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ राजपरिवार के स्वर्गीय महाराजा चक्रधर सिंह के कनिष्ठ सुपुत्र और अविभाजित मध्यप्रदेश में केबिनेट मंत्री रहे कुंवर भानू प्रताप सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। कुंवर भानू प्रताप सिंह का रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कुंवर भानू प्रताप सिंह के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनके परिवारजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने और दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

छत्तीसगढ़ में 26 जून से प्रारंभ होंगे स्कूल

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 16 जून से 25 जून तक बढ़ा दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में 16 जून 2023 से 25 जून 2023 तक वृद्धि किया गया है। प्रदेश में शालाएं अब 26 जून 2023 से प्रारंभ होंगी।

मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कमेटी के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई साथ ही निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, स्वीप की नोडल अधिकारी साधना खरे सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर झा ने कहा कि जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोर कमेटी का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कमेटी का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, आदि।

खेती की जमीन की खरीदी-बिक्री, अवैध-प्लाटिंग का फल-फूल रहा है कारोबार

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित आसपास के क्षेत्रो मे बाहरी लोगों के साथ नगर के लोगों में जमीन की खरीद बिक्री के साथ प्लाटिंग कर कालोनी बसाने का धंधा जोरों से चल रहा है, किसानों की जमीनों का सौदा कर ये जमीन विक्री करने वाले लोगों के सपनों से खिलवाड करने में लगे हुए है,ये लोग किसानो की जमीनो को कम दामों में अनुबंध करा कर मोटी कमाई करने में लगे हुए है, वही किसानो को उनकी हक का मूल्य भी नही मिल पाता है वही दुसरी तरफ ये जमीन कारोबारी मनमाने दामो पर जमीन का सौदा करते है। ज्ञात हो अवैध कालोनियो पर काफी दिनो पूर्व प्रशासन द्वारा कुछ ऐसे कालोनियो पर कार्यवाही की गाज सामने आई थी जो टाउन एन्ड कन्ट्री प्लानिंग के नियमो का

पालन नही किये थे,लोगो को बडे बडे सपने दिखाने वाले इन कालोनाइजरो के बोर्ड होंडिंग आदी को निकाला गया था, कितुं समय के साथ साथ स्थिति यथावत नजर आने लगे। लोगों के सपनों से खेलते कॉलोनाइजर-बिना बुनियादी सुविधा दिए कॉलोनाइजर लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए है,जिसके बाद ऐसे लोगो के चंगुल में फसने के बाद जमीन लेने वाले लोगो के पास सिवाय पछतावे के कुछ नही रह जाता है।न सड़क की सुविधा,न बिजली की उचित व्यवस्था,न पानी निकासी की सुविधा बरसात में ऐसे कालोनियों में जीना दुर्भर हो जाता है।

नही हो रहा रेरा का पालन- कालोनियो के निर्माण के पूर्व कालोनाईजरो को रेरा के तहत पंजीयन कराना पडता है कितु मिली जानकारी के अनुसार जिले कार्यरत ऐसे कालोनाईजरो की संख्या नगन्य है, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो की धज्जियां उडाते हुए कालोनिया निर्माण में लगे हुए है। समाचार पत्रो में प्रकाशन के बाद यदाकदा ऐसे कालोनियों पर कार्यवाही की गाज तो गिरती है कितुं समय के साथ साथ मामला पुनः ठंडे बसते में चला जाता है। डार्वसन के नाम पर घुमते लोगः- प्रशासन द्वारा अधिकृत न होने के चलते ऐसे कई मामले देखे जा रहे है जिसमें ऐसे कालोनाईजरो के फेरे में फसे लोगो को जमीनो के डार्वसन के लिए ऐडी चोटी एक करनी पड रही है आफिसो के चक्कर काटने को मजबूर ऐसे लोगो को महज निराशा ही हाथ लगती है ।

फर्जी बिल्टी पेपर से कोयला उड़ीसा ले जाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

- 4.30 लाख कीमत के 58.65 मैट्रिक टन कोयला सहित 2 ट्रक जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। 10 जून को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक मांक सीजी 13 एके 0168 एवं ट्रक क्र. सीजी 15 एके 0169 में आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ करके बिलासपुर के लिए निकला है ।

उक्त कोयला का फर्जी कागजात तैयार कर किसी अन्यत्र जगह खपाने ले जा रहे है। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने थाना प्रभारी सूरजपुर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस टीम ने मानी चौक में नाकाबंदी लगाकर वाहनों की चेकिंग की इस दौरान उक्त दोनों ट्रक वहां पहुंचे जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड पाया गया। ट्रक को चालक सोनू भाट पिता ननहक भाट उम्र 36 वर्ष निवासी दिनदयाल अपाटमेंट धमरापुर चौक रायगढ़ एवं मोहम्मद सद्दाम अंसारी पिता मोहम्मद सनीप अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी टोरी, थाना चंदवा, जिला लातेहार बिहार चला रहे थे। पूछताछ पर बताए कि आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ किए है परन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में बटवाही लुण्ड्रा से सुन्दरगढ़ उड़ीसा के लिए कोयला लोड़ अंकित होना पाया गया ।

सीएमएचओ ने किया पथरिया औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण

- कार्य में अनियमितता पर बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने विकासखण्ड पथरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थित औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया।

इस दौरान संस्थान में उपयोग किए जाने वाले उपकरण, आई.सी.सी मटेरियल एवं दवाईयों का उचित रखरखाव नहीं पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए

सीएमएचओ ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड पथरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा औषधि भंडार में कार्यरत फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स का आगामी माह का वेतन आहरण रोकने की कार्यवाही करने तथा समस्त दवाईयों एवं उपकरणों को संस्थाओं में वितरित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे सहित स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

गैरी ब्रेरिंग का किया गया जोरदार स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। पंजाब विधायक एवं सहप्रभारी छत्तीसगढ़ गैरी ब्रेरिंग का प्रथम विधानसभा मुंगेली में आगमन हुआ। सभी ब्लाकों के सर्कल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारियों की बैठक लेकर महारैली 2 जुलाई की तैयारी समीक्षा एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर शेष कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक पात्रे, बिलासपुर लोकसभा सचिव मोहित यादव, जिलाध्यक्ष एससी विंग अनिल प्रबल, जिला सचिव मनभजन, चन्द्रकुमार कश्यप, श्रीमती मीणा मार्कण्डेय, रामकिंकर सिंह ठाकुर, रामराज सिंह ठाकुर आदि उपसिति थे।

ज्योति, देवकी, राधिका का सैलेक्शन मैच के लिए चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर की ज्योति यादव, देवकी यादव, राधिका यादव सैलेक्शन मैच के लिए चयनित। क्रिकेट अकादमी सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के खिलाड़िया लगातार आगे बढ़ते हुए। पिछले महीने भिलाई में आयोजित सलेक्शन के लिए महिला ट्रायल हुआ जिसमे खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखा कर। सेलेक्सन मैच में चयनित हुए हैं,। अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम में भी शामिल हो जाएंगे। पहले से ही कई खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल हैं। हमारे क्रिकेट अकादमी में बालिकाओं को निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी का मुख्य उद्देश्य गांव कस्बों की प्रतिभा शील खिलाड़ियों को एक अलग पहचान दिलाना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ही तरह बेटी खिलाओ को आगे ले जाना है। हमारे यहां से बालिका खिलाड़ी की तरह बालक खिलाड़िया भी आगे बड़ रहे हैं। बालको के लिए भी कम शुल्क है।सीनियर महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑल राउंडर

ज्योति यादव एक लेफ्ट हैंड मिडियम पेसर राइट हैंड बल्लेबाज, राधिका यादव लेफ्ट हैंड मिडियम पेसर अंडर 19 देवकी यादव ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी है। जो पिछले साल भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड की अंडर 19 में शामिल थी। सभी प्रतिभाशील खिलाड़ी हैं। हमारे यहां मैच के लिए 3 टर्फविकेट नेट्स अभ्यास के लिए 2 टर्फ व एक कंक्रीट विकेट है। पूरे बारह महीने हमारे यहां अभ्यास होता है। खिलाड़ियों को बढ़ाने में सभी लोगों का सहयोग है।कलेक्टर राहुल देव जी के अनुशंसा पर खेल विभाग अधिकारी पाल की देख रेख से नए क्रिकेट पिच, ड्रेसिंग रूम का निर्माण हो रहा है।

अभी थोड़े दिनों पहले ही हमे क्रिकेट पिच बनाने के लिए रोलर उपलब्ध हुआ है। नगर पालिका मुंगेली द्वारा हमेशा मदद,ऐसी सभी से आर्थिक सहायता सहयोग मिलती रहे तो हमारे खिलाड़िया बहुत जल्द बड़े लेवल में अपना परचम लहराएंगे। कोच जलेश यादव खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उपरोक्त जानकारी सन राइस क्रिकेट सोसाइटी मुंगेली के संचालक व कोच जलेश यादव ने दी।

रेडक्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने स्वयं रक्तदान कर जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ

ही निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, डीआईओ एनआईसी हेमंत जायसवाल, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल सहित जिला कार्यालय के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया।रक्तदाता दिवस पर कलेक्टर झा ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह अत्यंत पुण्य का कार्य है ।

विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व शालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिशित करें: कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर संगोष्ठी कक्ष में 13 जून को नवीन सत्र 2023-24 में विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी प्राचार्यो, विकासखंड एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर राहुल देव ने नवीन शिक्षा सत्र में शाला संचालन के संबंध में जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर के सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व शालाओं में रंगरोगन, साफ सफाई, पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नवीन शिक्षा सत्र की शुरूआत को सभी विद्यार्थियों के मध्य अविस्मरणीय एवं यादगार बनाने की दृष्टि से इस

वर्ष भी शाला प्रवेश को एक उत्सव के रुप में आयोजित किया जाए। इस हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पहले शाला प्रबंधन समिति की विशेष बैठक का आयोजन कर लिया जाये एवं प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने हेतु हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने व स्वयं को आदर्श बनाते हुए अपने अधीनस्थ शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्राचार्यो को नवीन सत्र में कक्षा 06 से 12 के समस्त बच्चों के जाति प्रमाण पत्र समय-सीमा में बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजयनाथ, जिला मिशन समन्वयक ओ. पी. कौशिक और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुंगेली के प्राचार्य डॉ. आई. पी. यादव उपस्थित थे।

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के विषय में बैठक संपन्न

कोरबा/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के विषय में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में आगामी निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, स्वीप की नोडल अधिकारी मती साधना खरे सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01 अक्टूबर 2023 में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इस संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निम्न बिंदुओं के आधार पर युक्तियुक्तकरण

आगर साहित्य समिति द्वारा दो शोघ ग्रंथ का विमोचन एवं सम्मान समारोह सम्पत्र

मुंगेली/नवप्रदेश। आगर साहित्य समिति द्वारा दो शोघ ग्रंथ रचयिता डॉ. चद्रशेखर सिंह मुंगेली और एक काव्य संग्रह जगदीश प्रसाद देवांगन का विमोचन एवं सम्मान समारोह पुनीत रेस्टोरेन्ट समागार में गौरव पूर्ण माहौल में अयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. ए.डी. एन. बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी वि.वि.बिलासपुर ने नई कविता या नवगीत को समस्त मानवजाति का हित करने वाला बताते हुए उसे उसका युगबोध और युगधर्म निरूचित किया तथा महाकवि तुलसीदास के ष्कीरति भनिति भूति भलि सोईष् का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होने दुष्यंत कुमार त्यागी और बलवीर सिंह रंग की कविता में चित्रित चिरकालीनता को समकालीनता में बदलने के उपक्रम का जिक्र भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजभाषा आयोग के पूर्व आध्यक्ष और वरिष्ठ चिंतक डॉ. विनय कुमार पाठक ने गीतविद्या को लोकगीतो से जोड़कर देखते हुए उसमें हजारो- हजार साल की वाचिक परंपरा की तुलना में मौखिक परंपरा के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होने डॉ. पाठक के चितन और साहित्यिक परंपरा को रेखांकित किया। उन्होनें गीत और लोक गीत की कार्यो की सहराना दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देश के प्रसिद्ध नवगीतकार डॉ. अजय पाठक बिलासपुर ने नई कविता और नवगीत की बारीक जांच पड़ताल की और युग के युगबोध को सोचने समझने की पृष्ठभूमि तैयार करने वाला बताया। उन्होने जोर देकर कहा कि कविता न तो नई होती, न पुरानी होती।

जनयात्रा में शामिल जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कार्यकर्तागण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी के नेतृत्व में चल रही भरोसे की जनयात्रा का विभिन्न ग्रामों में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा सेतगंगा, उदका, तरवरपुर, बैहाकापा, बैहरसरी, दाबो, झुझारभाठा, दामापुर, गिगतरा ग्राम से होते हुए छटन ग्राम में समापन हुआ। यात्रियों ने प्रातरू योग करने के बाद सेतगंगा ग्राम स्थित राम जानकी मंदिर, मां महामाया मंदिर एवं बाबा गुरु घासीदास मंदिर में दर्शन कर मुंगेलीवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। संजीत बनर्जी के नेतृत्व में यात्रियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका से मुलाकात कर सरकार के कार्यों की समीक्षा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा कुर्रे, शशिकला कांत एवं सहायिका बसंत बाई, शिवकुमारी कुर्रे ने बताया कि सरकार ने हमारी मांगों पर विचार करते हुए हमारे मानदेय में वृद्धि की जिससे हम सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हृदय से आभारी हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गौठान एवं रिपा प्रोजेक्ट के माध्यम से आर्थिक आजीविका प्रदान किया जा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, रसोईया के मानदेय में वृद्धि कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रमुख कार्य किया है।

रक्तदाता दिवस पर 250 रक्तवीरों ने जिंदगी बचाने के लिए किया रक्तदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। शहर की संस्थाओं ने एक साथ मिलकर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 250 रक्तवीरों ने जिंदगियां बचाने आगे आए। दरअसल, थैलेसीमिया जैसी कई बीमारियां ऐसी हैं, जिनमें पीति व्यक्ति को लगातार खून की जरूरत पड़ती है। इसे देखते हुए शहर की समाजसेवी संगठनों ने रक्तदान दिवस पर न सिर्फ शिविर का आयोजन किया, बल्कि लोगों को प्रेरित करने के लिए भी मुहिम भी चलाई।22 विभिन्न समाजसेवी संस्थानों एवं क्लब के द्वारा सीएमडी चौक स्थित लायंस क्लब भवन में शिविर लगाया गया। लगभग 250 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग रेयर ब्लड ग्रुप जैसे बी नेगेटिव, ए नेगेटिव, एबी नेगेटिव भी संग्रहित किए गए। मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के चीफ मैटेरियल मैनेजर नवीन सिंह, डॉ. विनोद तिवारी, मंजीत सिंह अरोरा, अरविंद दीक्षित, एरीना एनिमेशन के निदेशक संदीप गुप्ता, बीएनआई, करियर पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के निदेशक किरणपाल सिंह चावला, सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन पं. संजय दुबे, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. शशिकांत साहू रहे। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, दीपक सोनी, विकास शर्मा, संदीप सेंगर, राजीव अग्रवाल, आरके अग्रवाल, ब्रजेन्द्र शुक्ला, उमेश मुरारका, अविनाश आहूजा, अभिषेक विधानी, डॉ. गौरव जायसवाल, नीतेश वर्मा, मधुसूदन, मनीष जैन, कपिल अग्रवाल, आकांक्षा विश्वकर्मा, मनीष मौर्या, अभिनव सहित अन्य मौजूद रहे।

जिला कबड्डी संघ ने 60 निर्णायकों को बांटे ड्रेस

बिलासपुर/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी रतनपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पंचायत रतनपुर कन्हैया यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि कहा कि जिले के कबड्डी खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपना और जिले का नाम रौशन किया है। एनआईएस कबड्डी कोच ओम बीवीकार जायसवाल ने बताया कि जिला कबड्डी संघ बिलासपुर द्वारा कोटा ब्लॉक कबड्डी संघ के सहयोग से सभी 60 निर्णायकों को टी-शर्ट बांटे गए है। बता दें कि विकी अग्रवाल, प्रदीप यादव, हरवंश कस्तूरिया व राजेंद्र जगत ने 60 निर्णायकों को टी-शर्ट बांटे। इस अवसर पर मनोज यादव, गुलाब श्याम, प्रदीप सिदार आदि उपस्थित रहे।

आर्द्रभूमि संरक्षण व ईको-टूरिज्म विषय पर किया व्याख्यान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सहयोग से कंजर्वेशन कोर सोसाइटी द्वारा आर्द्रभूमि संरक्षण व ईको-टूरिज्म विषय पर बुधवार को व्याख्यान और पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव और मुख्य वक्ता पर्यावरणविद डॉ. एरिक भरुचा रहे। मुख्य वक्ता डॉ. भरुचा आर्द्रभूमि संरक्षण और ईको टूरिज्म के विशेषज्ञ हैं। इस व्याख्यान में छत्तीसगढ़ के जलाशयों में ईको टूरिज्म, प्रवासी पक्षियों के सरंक्षण, उसके संभावनाओं पर जोर देते, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रारंभ से पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सुझाव दिया गया। इसमें बताया गया कि स्थानीय स्वयं सहायता समूह को पर्यटन के माध्यम से उनके आजीविका के लिए होम स्टेएनेचर गाइड ट्रेनिंग, उत्पादों के क्रय विक्रय बढ़ाने के लिए कम्युनिटी को जोड़ने प्रयास किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बिलासपुर संभाग प्रमिल वर्मा ने बताया कि प्रदेश से राज्य में पर्यावरण, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने में हम सबकी संयुक्त भागीदारी से ही किया जा सकता है। जिसके लिए शासन के संबंधित विभाग से अपेक्षित सहयोग हमेशा आवश्यकता रहेगी। छग पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्रीवास्तव ने पर्यावरण और प्रकृति के सरंक्षण जागरूकता कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। सेवानिवृत अपर मुख्य प्रधान वन संरक्षक डॉ. एसके सिंह, शैलेंद्र कुमार, एलिस लकड़ा, बिपाशा पॉल, अभयनारायण रॉय, समीर अहमद, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई, पत्रकार आलोक पुतुल, कामरेड नंद कश्यप सहित प्रकृति प्रेमी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

5 दिवसीय योग शिविर 21 जून से

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 से 25 जून तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 19 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लगाया जाएगा। इसमें बिलासपुर के अंतर्गत घुमा, पोंडी, दगौरी, पौंसरा, गतौरा, जेवरा, भरारी, सीपत, लोहर्सी, धुर्वाकारी, सौंदा, गनियारी, बहतराई, सकर्रा, काठाकोनी, भरनी, घुटकू, सिलतरा के केंद्रों का चयन हुआ है। इसमें सभी लोगों को भाग लेने कहा गया है। शिविर में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

दिव्यांगों के लिए सेवा शिविर 25 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जैन संगठना द्वारा 25 से 30 जून तक निशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर समाज के लोग कलेक्टर सौरभ सिंह से मिले। भारतीय जैन संघटना टीम ने शिविर के बारे में कलेक्टर को जानकारी दी। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को सहयोग करने के लिए कहा। अमरेश जैन, प्रवीण कोचर, संजय छाजेड़, रूपेश गोलछा, अमित मेहता, अभिनव डाकलिया मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी अमित जैन व आंचल जैन ने बताया कि शिविर में गुजरात के अनुभवी डॉक्टरों की टीम के जांच उपरांत कृत्रिम पैर, पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल, श्रवण यंत्र का वितरण करेगी। शिविर के लिए पंजीयन चल रहा है। पंजीयन मोबाइल नंबर अमरेश 9669615981 करा सकते हैं।

अमर सिंधु रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी ने शहीद स्मारक भवन रायपुर में सिंधी सांस्कृतिक महेश चंदर नाइट समारोह का आयोजन किया। इसमें पूज्य सिंधी सेंट्रल महापंचायत के संरक्षक अमर बजाज का सिंधु रत्न से सम्मान किया। छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी बोर्ड के अध्यक्ष राम गिडलानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय मंत्री मुरलीधर माखीजा, छत्तीसगढ़ सिंधी कल्याण समिति के अध्यक्ष आनंद कुकरेजा आदि मौजूद रहे। संरक्षक अमर ने कहा कि समाज की सिंधु रत्न की उपाधि मिलने पर समाज के प्रति और जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

कराटे में फिजा बानो का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। चौकसे कॉलेज की बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा फिजा बानो का चयन एशियन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के ट्रायल कैंप में हुआ है। फिजा बानो राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी है। वे कई बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। फिजा बानों 2022-23 में अटल यूनिवर्सिटी की ओर से अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल, राज्य नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी है। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर दुबई में होने वाली एशियन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के ट्रायल कैंप के लिए क्वालीफाई हुई है। फिजा बानो विगत 3 वर्षों से चौकसे कॉलेज की ओर से विश्वविद्यालय और कराटे एसोसिएशन के लिए प्रतिनिधित्व करती आ रही है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल सहित सभी शिक्षकों ने फिजा को शुभकामनाएं दी।

साहित्य मंच व प्रेस क्लब का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिलासा साहित्य मंच और प्रेस क्लब ने गजल का आयोजन किया। इसमें प्रसिद्ध शायरा उम्मा अख्तर ने बिलासपुर प्रेस क्लब में अपनी गजलों से समां बांधा। अख्तर ने प्यार, बेवफाई, किस्मत, जिंदगी के साथ ही कई विषयों पर अपना कलाम पेश किया। उम्मा ने जब अपना खास कलाम में बहुत सजती हूं, संवरती हूं, जब तेरे शहर से गुजरती हूं.. तरन्नुम में पेश किया तो प्रेस क्लब का हाल श्रोताओं के तालियों से गूंज उठा। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार राजेश दुआ के आग्रह पर गजल और नज़्म का अंतर भी समझाया। मुख्य अतिथि बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गहवई ने कहा कि ये हम सब के लिए बहुत ही ना और फ़क्र की बात है कि ऐसी शख्सियत हमारे शहर में मौजूद है। कार्यक्रम के संयोजक कवि व्हीन्ही रमन किरण, सुनील शर्मा, भास्कर मिश्रा, नीरज धर दीवान थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी, डॉ. अजय पाठक, डॉ. देवधर महंत, अंजनी कुमार तिवारी, सुनीता मिश्रा, लता मिश्रा, संजय पांडेय, राकेश पांडेय, डॉ. मंतराम यादव, अजय सिंह, संतोष शर्मा आदि मौजूद थे।

17 जून तक दस्तावेजों की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में होने वाली संविदा भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम मेरिट सूची बुधवार को जारी कर दी गई है। सूची शिक्षा विभाग की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। 15 से 17 जून तक मूल दस्तावेज के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कक्ष क्रमांक 6 में आवेदक स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति कर सकते है। आत्मानंद स्कूल के नोडल अधिकारी रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि 2023 -24 शिक्षण सत्र के लिए जिले में 7 नए आत्मानंद स्कूल खोले जा रहे हैं। प्रत्येक स्कूल में 24-24 पद स्वीकृति दी गई है। 168 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

पूर्व विस अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा भेजे गए अनुशंसा पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। विकास खंड पथरिया के एन एच से लामती पहुंच मार्ग के लिए 72.83 लाख रुपए, छिंदभोग से सकेरी पहुंच मार्ग 25.23 लाख रुपये, सिलदहा से बेलखुरी के लिए 73.86 लाख रुपए, एमडीआर से खरसोला तक सक बनाने 15.31 लाख रुपये, पीड़ा से भुलनकापा 49.50 लाख रुपए, त्रिभुवनपुर से मारो पहुंच मार्ग 62.13 लाख रुपए, बिल्हा विकास खंड के मोहदा से अटर्रा पहुंच मार्ग 78.82 लाख रुपए, सारधा मार्ग 74.70 लाख रुपये, मगरमच्छला लिमतरी मार्ग से फदहा सड़क 36.61 लाख रुपये, चोरहाभना से कोटिया मार्ग 65.13 लाख, बरतोरी मुख्य मार्ग से कुवापाली सड़क मार्ग 25.77 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। जल्द ही यहां की सकें बन जाएगी।

पहले दिन 113 छात्रों ने किए आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज में प्रवेश के लिए इस बार अटल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर आवेदन नहीं करना है, क्योंकि साइंस कॉलेज ने खुद का पोर्टल तैयार किया है। ऐसे में इस कॉलेज में प्रवेश के लिए साइंस कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना है। कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रक्रिया बुधवार को शुरू हुई। पहले ही दिन 113 छात्रों ने आवेदन किया है। वहीं बिलासा गर्ल्स कॉलेज में भी आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए 16 जून से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। साइंस कॉलेज में प्रवेश के लिए sciencecollegebilasp ur.ac.in वेबपोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा, जिससे उनका एक आईडी पासवर्ड जनरेट होगा। आईडी-पासवर्ड का उपयोग करके ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

आगजनी पर व्यापारियों को क्षतिपूर्ति देने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बुधवारी सब्जी बाज़ार में अग्निकांड के प्रभावितों को विधायक शैलेष पांडेय, महापौर रामशरण यादव और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कलेक्टर से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। घटना के कुछ ही देर बाद विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मुआवजा दिलाने की मांग की। कलेक्टर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि रेलवे क्षेत्र के बुधवारी बाजार में दुकानों में आग लगने से व्यापारी प्रभावित हुए हैं। यहां व्यापारी दशकों से व्यापार करते आ रहे हैं। ऐसी आपात स्थिति में व्यापारिक हित में प्रभावित व्यापारियों को आर्थिक सहायता दी जाए। महापौर यादव ने कलेक्टर सौरभ कुमार से मुलाकात कर आगजनी से प्रभावित व्यापारियों को आर्थिक सहायता के साथ बांस, बल्ली और तालपत्री उपलब्ध कराने की मांग की महापौर यादव ने कलेक्टर को बताया कि बुधवारी में सब्जी बाजार के व्यापारियों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में उन्हें जिला प्रशासन से यदि सहयोग मिलेगा तो वे लोग अपना व्यापार पुनः शुरू कर सकते हैं। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने घटना से सबक लेते हुए शहर में आपदा प्रबंधन के व्यापक इंतजाम करने की प्रशासन से मांग की। पूर्व मंत्री ने प्रभावित व्यापारियों और इलाके के लोगों को हुए नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कलेक्टर से प्रभावितों को हुए नुकसान का आंकलन करके शासन की ओर से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। शहर की सबसे पुरानी सब्जी मंडी में से एक बुधवारी बाजार में सुरक्षा और आपदा की स्थिति में बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं, जिसका खामियाजा आज व्यापारियों को भुगतना पड़ा है। अनेक छोटे व्यापारी जो फल, सब्जी दुकान लगाकर अपना गुजर-बसर करते हैं, उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है।

अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में अलग-अलग जगहों पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर किए जा रहे अवैध निर्माण को तोड़कर निगम की टीम ने ढहा दिया। शासकीय जमीन पर मंदिर बनाने के नाम पर निर्माण किया गया था। वहीं, गार्डन की जमीन पर बाउंड्रीवाल बना लिया गया। कार पार्किंग के लिए स?क किनारे शेड बना लिया गया था। करीब आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने शहर को व्यवस्थित करने के साथ ही यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पहल शुरू की है। इसके तहत सड़क किनारे लगने वाली गुमटी और फूड के साथ ठेला लगाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण करने वालों पर भी सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ अवैध निर्माण को तोड़ने का फरमान जारी किया है। जहां भी शिकायत मिल रही है, वहां जाकर अतिक्रमण विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। बुधवार को भी अतिक्रमण विरोधी दस्ता टीम के प्रभारी प्रमिल शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग जगहों पर अवैध कब्जा तोड़ने के लिए अभियान चलाया गया। हेमूनगर के अन्नपूर्णा कॉलोनी में आशुतोष मिरी ने नाली के ऊपर अवैध रूप से दुकान बना लिया था, जिसकी शिकायत सही पाए जाने पर दुकान पर बुलडोजर चला दिया गया।

यहां चला निगम का बुलडोजर

बुधवार को अतिक्रमण विभाग की टीम ने आरबी हॉस्पिटल के पास सीके झा द्वारा सरकारी जमीन पर बने अवैध बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया। यहां अनुराग पांडेय ने शासकीय भूमि को गार्डन के लिए सुरक्षित रखा था, जिसके बाउंड्री पर कब्जा कर लिया गया था। इसी तरह नेहरू नगर में चर्च के सामने संजय गुप्ता ने रोड किनारे गाड़ी रखने के लिए शेड बना लिया था, जिसे निगम की टीम ने तोड़ दिया।

भागवत कथा : श्रद्धालुओं ने भक्त प्रहलाद की कथा का लिया आनंद



बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम मसना में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं. झम्मन शास्त्री ने कथा के तीसरे दिन मंगलवार को उन्होंने प्रहलाद और ध्रुव चरित की कथा सुनाई।

साथ ही राजा बली की भी कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु की भक्ति का पता विपत्तियों में ही पता चलता है। विपत्तियां श्रद्धालु की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता के द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया। अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। हमें भी विपत्तियों को भगवान की परीक्षा समझनी चाहिए और भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। राजा बली की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि दान की अपनी अलग ही महिमा है। दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के व्यवसाय से पैसा कमा रहे है। इस दौरान वे ये भी नहीं देख रहे है कि उस धन का क्या प्रभाव पड़ेगा, इसलिए जितना भी कमा रहे है, उस विधि से कमा रहे है, उसका कुछ हिस्सा जन कल्याण के कार्यों में खर्च करें। अंत में महाआरती हुई, इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटे गए। इस अवसर पर पुष्पा पाठक, रामनारायण पाठक, अनिरुद्ध पाठक, कान्हा पाठक, विजय उपाध्याय, किशन शर्मा, सुनील शुक्ला, राजेश शुक्ला, राकेश पाठक, नरेंद्र साहू, दशरथ कश्यप, ठण्डाराम कश्यप, नरेंद्र साहू, राधे चंद्राकर, भुवनेश्वर तिवारी, धीरेन्द्र, राजेन्द्र, नरेन्द्र, तुषार, शिवकुमार, सुरेश, रमाशंकर, हरिशंकर, विष्णु, राजेश, दीपक आदि उपस्थित रहे।

किराए के मकान में हुक्का बार, संचालक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन क्षेत्र के अज्ञेय नगर में किराए के मकान में हुक्का बार चलाया जा रहा था। इसकी सूचना पर एसीसीयू और सिविल लाइन पुलिस की टीम ने दबिश देकर मौके से हुक्का पाट, चिलम और फ्लेवर जब्त किया है। पुलिस ने संचालक समेत सात लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एसीसीयू की टीम को मंगलवार की रात सूचना मिली थी अज्ञेय नगर में गोपनीय रूप से हुक्का बार का संचालन किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। मौके पर छह लोग हुक्के पर कश लगाते मिले। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि कबीरधाम जिले के कुंडा थाना अंतर्गत ग्राम पवरजली निवासी चतुर सिंह ने अनुभव गुप्ता के मकान को किराए पर लिया है। वह यहां पर घंटे के हिसाब से ग्राहकों को हुक्का पाट और फ्लेवर उपलब्ध कराता है। मौके पर प्रकाश अग्रवाल,(30) निवासी बिल्हा, महक अग्रवाल(25) निवासी टिकरापारा जलाराम मंदिर के पास शौर्य प्रताप सिंह (22) निवासी नया सरकंडा, शुभम अग्रवाल(28) निवासी विनोबा नगर गली नंबर आठ, नवीन साहू (18) निवासी बहबलिया थाना कुण्डा जिला कबीरधाम, अक्षत अग्रवाल (25) निवासी बिल्हा हुक्के पर कश लगाते मिले। पुलिस सभी को थाने लेकर आ गई। यहां पर सभी के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

गायब छात्र को कोलकाता से लेकर लौटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर क्षेत्र से 20 दिन पहले गायब हुए 9वीं के छात्र को रतनपुर पुलिस कोलकाता से लेकर आई। गायबहोने के बाद वह बाल गृह में था। इससे पहले माता पिताउसे लेने गए पर वापस लौटा दिया गया था। दैनिक भास्करने माता पिता की मार्मिक पीड़ा तो अपने अखबार मेंप्रकाशित किया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और लेने गई। छात्र के पिता के अनुसार उनके तीन बच्चों में घर सेगायब होने वाला 16 साल का था और 9वीं प?ता था। 24मई की रात करीब 9 बजे परिवार के लोग जब खाना खाकरसो गए थे तो वह कमरे से अचानक गायब हो गया। दूसरेदिन थाने जाकर सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज की परखोजबीन नहीं की। गायब होने के बाद पड़ोसी के मोबाइलपर कॉल आया और कॉल करने वाले ने पिता से कि उसकेबच्चे का पता जानता है। जानकारी देने के बदले उसने 50हजार रुपए की मांग की। पिता ने थाने में जाकर सूचना दी।इस बीच गांव की एक महिला ने बच्चे की पिता की मददकी फिर कोलकाता पुलिस की टीम रतनपुर आई औरकिशोर के वहां के एक बाल गृह में होने की जानकारी दी।किशोर के परिजन कोलकाता गए। किसी तरह वहां के बालगृह तक गए पर वहां के चौकीदार ने उन्हें वापस भेज दिया।दैनिक भास्कर ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया।थाने के नए टीआई सागर पाठक ने गंभीरता दिखाई औरबच्चे के बारे में पता किया। एक टीम कोलकाता भेजी गई।वहां से बच्चे को लेकर पुलिस रतनपुर थाने पहुंची।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6अ अभिलेख सुधार/2023-23
ग्राम मर्राडबरी प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय सिंह पिता श्री नरपुंगव सिंह जाति ठाकुर निवासी ग्राम मर्राडबरी तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मर्राडबरी भूमि का आनलाईन में आवेदक के भाई भगवान सिंह का नाम दर्ज होने से अभिलेख सुधार हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 16/06/2023 को ठीक 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मुंगेली में की जावेगी।

अतः जिस किसी को दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उक्त तिथि तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

भूमि का विवरण

ख.नं.	रकबा	वर्तमान भूमि स्वामी का नाम व पता
111/3	कुल रकबा	
111/4	0.406 हे.	
111/5		
111/6		
111/7		
111/8		

आज दिनांक 5/6/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
मुंगेली

छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर

निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र.-116

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य के तहत् जिला कोरबा के कटघोरा विकासखण्ड कटघोरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 06 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य हेतु (द्वितीय) ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।

सं.-37410/2 उपायुक्त

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग)

उद्घोषणा

क्योंकि मौजा मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली के सह भूस्वामी जनकराम ढलगन सोनकर ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योकि उक्त काते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है। एवं सुनवाई दिनांक 23/06/2023 स्थान न्यायालय मुंगेली 11 बजे नियक किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि के द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आपत्ति, आक्षेप यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण

सर्वेक्षण संख्याक/ भू-खंडांक | क्षेत्रफल | भू-राजस्व

ख.नं.	रकबा
770/1,	0.1820,
770/2,	0.2990,
775/4,	0.4050
कुल रकबा	0.8860 हे.

सील

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.-2629/2023

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAPSRM) for work contract from experienced Contractor/ firms as mentioned below:

S. N.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date / Time of submission of bid	E.M.D. (Rs)	Tender Cost (Rs)
1.	No.16-06/DSPM TPS/ACE (S&P)/AHP/T -2909/2023	8100031981	Work contract for "AOH of Duct Dumpers and Ash Handling Plant of U#2" of 2X250 MW DSPM TPS, Korba East	As per schedule	04.07.2023 15:30 Hrs	10500/-	Rs. 590/- including GST

NOTES:-(1) For more details, Tender Documents along with Annexure visit our website:-http://www.cspc.co.in > e-bidding > e-bidding web portal OR http://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]. Any Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

S.-37399/2

S.E.(Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

"Electricity saved is electricity Generated"

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

भू-अर्जन प्र.क्र.- 08/अ-82/2022-23 तखतपुर, दिनांक 08.06.2023
(कलेक्टर स्वीकृति क्रमांक 374/दिनांक 31.05.2023)

प्रारूप-क

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा के लिए अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना नहर निर्माण कार्य के लिए प्रभावित ग्राम भरारी प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी. जिला बिलासपुर (छ.ग.) के भूमि क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला	तहसील	प. ह. नं.	ग्राम	कृषक का नाम/पिता का नाम	खसरा नंबर	क्रय किए जाने वाली भूमि ए.	क्रय किए जाने वाली भूमि हे.	भूमि एवं परिसंपत्ति का निर्धारित प्रतिफल	पुनर्वास अनुदान भूमि मुआवजा का प्रतिशत जो	कुल देय राशि
1.	बिलासपुर	सकरी	20	भरारी	सुधीर जैन पिता जोहरमल	729/1, 729/7, 732/7, 732/8, 732/9	0.93	0.376	-	242199	726597
4.	कुल योग				01	05	0.93	0.376	-	500000	1560170

कलेक्टर महोदय से अनुमोदित

जी- 02354/3

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी
तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

परीयना कोचिंग सेंटर में बच्चे संवारेंगे भविष्य

- आज से प्रारंभ होगी कोचिंग
- कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के छात्रों को अपने भविष्य मेडिकल एवं इंजिनियरिंग के क्षेत्र में सवारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रतिब्धता के साथ सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किया जा रहा है। प्रयासों की इसी कड़ी में नारायणपुर के एडुकेशन हब गरांजी मे जिले के 10वीं टॉपर ऐसे 100 बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है, जो इंजिनियरिंग एवं मेडिकल की शिक्षा प्राप्त करना चाहते है। इसके लिए जिला खनिज न्यास संस्थान एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सौजन्य से यह निःशुल्क आवासीय कोचिंग व्यवस्था जिले के बच्चों के लिए की गई है। इस कोचिंग सेंटर में 16 जून से कोचिंग प्रारंभ किया जाएगा। इस कोचिंग सेंटर में देश के अच्छे कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों द्वारा कोचिंग दी जाएगी। यह व्यवस्था 2 वर्शो के लिए की गई है। इसमें कुल 100 बच्चें कोचिंग का लाभ उठाकर अपने भविश्य सवारेंगे। कलेक्टर अजीत वसन्त ने आज गरांजी स्थित परीयना कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होने यहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव विशेश रूप से उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां की गई व्यवस्थाओं को देखा और कमियों को दूर करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यहां जो टूट फूट हुई है उसका मरम्मत करा लें। इसके अलावा उन्होने कुछ सामग्री बदलने के भी निर्देश दिये। इस कोचिंग सेंटर मे बच्चों के लिए स्थापित प्यूरिफायर एवं कुछ कुर्सी टेबल बदलने के लिए कहा। साथ ही बच्चों के आवासीय कक्षों निर्मित आलमारी में दरवाजा लगाने और सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने किचन मे सभी खाद्य सामग्री को कंटेनर में रखने के निर्देश दिये ताकि उन्हे कीड़े इत्यादि से सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा कोचिंग आने वाले बच्चों के लिए सुबह जागने से लेकर रात्रि सोने तक टाईम टेबल बनाने के निर्देश दिये। साथ ही इस केन्द्र में हॉर्ल्टीकल्चर विभाग द्वारा फूलदार एवं फलदार पौधे लगाने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र झा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अधिकारी आमजनों की समस्याओं का त्वरित करें निराकरण : कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में कामकाज निर्बाध रूप से चलना चाहिए। सभी अधिकारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। जिसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री देव आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जनदर्शन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनका बोनस राशि तकनीकी समस्या के वजह से नहीं मिला है, उसका शीघ्र निराकरण करते हुए संबंधित किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बता दें जिले में 74 ऐसे किसान हैं, जिनके खाते में तकनीकी समस्या के वजह से योजना की राशि अंतरित नहीं हो पाया है, जिसे कलेक्टर में गंभीरता से लिया और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए साथ ही कहा कि जिले के ऐसे किसान जिनका खाता सत्यापन नहीं हुआ है, उसे भी यथाशीघ्र कराएं।

ब्लॉक मुख्यालयों में होगा समाधान शिविर का आयोजन- कलेक्टर ने कहा कि 19 जून से प्रत्येक सोमवार को सभी ब्लॉक मुख्यालयों में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु सभी एसडीएम तैयारी सुनिश्चित करें। समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का ब्लाक स्तर में ही निराकरण करना है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत राशि वितरण की जानकारी ली और कहा कि जनपद सीईओ और सीएमओ राशि वितरण का कार्य शीघ्र सुनिश्चित करा लें। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को कौशल विकास में प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चिटफंड के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और कहा कि पीड़ितों को राशि वापस दिलाने में तेजी लाएं। उन्होंने मुआवजा के प्रकरणों का भी युद्ध स्तर पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में मुख्यालय से गांवो का संपर्क नहीं कटना चाहिए। एटीआर क्षेत्र में विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने किसानों को खाद, बीज वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि यदि समिति प्रबंधक हड़ताल में है, तो वैकल्पिक व्यवस्था कर किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराएं। उन्होंने कृषकों की सुविधा के लिए क्लस्टर स्तर पर किसान चैपाल का भी सुझाव दिए।

बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें- कलेक्टर ने कहा कि जिले में अघोषित रूप से बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने नवीन शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी की जानकारी ली और कहा कि निर्माण एजेंसियों द्वारा सभी जर्जर शाला, छात्रावासों का मरम्मत व रंगरोगन कार्य शीघ्र करा लें।

खडपथरा में पंच दिवसीय श्रीमद् भागवत आध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ

नगरी/नवप्रदेश। ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय बिरगड़ी (नगरी) के तत्वधान में ग्राम खडपथरा मे पंच दिवसीय श्रीमद् भागवत आध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया दिनांक 13 जून से 17 जून तक समय शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक जिसमें आध्यात्मिक गीता ज्ञान के प्रवचन कर्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी साधना बहन ब्रम्हाकुमारी मुलेश्वरी बहन एवं अतिथि के रूप में बिसन्तीन पालेश्वर(सरपंच खडपथरा) रामदयाल पालेश्वर (रिटायर्ड सीईओ) रेखा पालेश्वर (रिटायर्ड प्रिंसिपल) कंचन ध्रुव साथ ही गांव से आए हुए गणमान्य नागरिक प्यारे प्यारे बच्चे एवं संस्था के भाई बहन उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत करके किया गया एवं दीप प्रज्वलित किया गया श्रीमती रेखा पालेश्वर बिसन्तीन पालेश्वर रामदयाल पालेश्वर कंचन ध्रुव एवं सभी गांववासियों की तरफ से ब्रम्हाकुमारी साधना बहन का एवं मुलेश्वरी बहन का शॉल एवं श्रीफल के द्वारा सम्मान किया गया राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी साधना बहन ने कहा कि यह जो 5 दिन से श्रीमद भगवत अध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ है इन 5 दिनों में हम श्रीमद्भगवद्गीता रामायण और महाभारत पर आधारित उन शिक्षाओं को सुनेंगे और धारण करेंगे जिससे हमारा जीवन तनाव से मुक्त और सुख शांति से भरपूर होगा इन पुराणों में ऐसी बातें लिखी हुई है जो हमें दुख से मुक्त कर सकते हैं।

संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर के बीच कार्य विभाजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसन्त द्वारा जिले में संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। उक्त कार्य विभाजन आदेश के तहत् संयुक्त कलेक्टर अभिशेक गुप्ता को पूर्व कार्यालयीन आदेश के तहत् सौंपे गए कार्य एवं दायित्व के अतिरिक्त विकास शाखा, प्रपत्र शाखा, सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपीलीय अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, मुख्यमंत्री भ्रमण, मुख्यमंत्री घोशणा तथा बोर्ड तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं, संयुक्त कलेक्टर दीनदयाल मंडावी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर रामसिंह शोरी को पूर्व कार्यालयीन आदेश के तहत् सौंपे गए कार्य एवं दायित्व के अतिरिक्त रामकृश्ण मिशन आश्रम, जिला जनगणना शाखा, शिकायत शाखा, शिकायत एवं सतर्कता, जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ जनदर्शन, टीएल, जनचौपाल तथा तथा जनशिकायत हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने बैग प्रदान कर बच्चों का किया उत्साहवर्धन

- कलेक्टर ने पीएम केयर एण्ड स्पांसरशिप स्कीम अंतर्गत चिन्हांकित 17 बच्चों से की मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट में पीएम केयर एण्ड स्पांसरशिप स्कीम अंतर्गत चिन्हांकित जिले के 17 बच्चों से मुलाकात की। उन्होने बच्चों से बातचीत कर उनके पढ़ाई-लिखाई व पालन पोषण के संबंध में जानकारी ली तथा सभी बच्चों को स्कूली बैग प्रदान कर उनका उत्सावर्धन किया।कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों में से कई बच्चों ने अपने माता-पिता को कोविड-19 महामारी में खो दिया है। पढ़ाई के उम्र में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पीएम केयर एण्ड स्पांसरशिप स्कीम अंतर्गत चिन्हाकित किया गया है तथा योजना अंतर्गत राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस राशि से आप लोगों की अच्छे से पढ़ाई लिखाई, भरण पोषण और जीवनयापन हो जाएगा।

कलेक्टर ने बच्चों को खूब मन पढ़ाई करने की समझाईश दी। उन्होने कहा कि यदि मन में हिम्मत और हौसला हो, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। पढ़ाई के साथ खेल कूद भी करें। भविष्य में एक ऐसा अवसर भी मिलेगा जिसमें आप सभी बेहतर जीवन जी सकते है। कलेक्टर ने कहा कि बहुत लोग ऐसे भी है, जो बहुत गरीब थे, लेकिन वे आज अपने मेहनत के बल पर बहुत ऊपर उठ चुके है। उन्होने बच्चों को गलत दिशा व गलत संगति में ना पड़ने की समझाईश दी और कहा कि कोई भी काम बडा व छोटा नहीं होता। उसे बेहतर तरीके से करके आप धन, ज्ञान अर्जित कर सकते है। उन्होने कई महान पुरूषों की जीवनी के बारे में भी बच्चों को बताया और उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची जारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले में नवीन संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेनूर एवं ओरछा, जिला नारायणपुर के विज्ञापित पदों में से सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) संविदा के संस्थावार निम्नांकित पदों का एवं जिले के पूर्व संचालित सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोडीतराई एवं छोटेडोंगर के विज्ञापित पदों के संविदा भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों के आवेदन पत्रों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की गई थी। उपरोक्त पदों के पात्र-अपात्र सूची के दावा आपत्ति उपरान्त अंतिम पात्र सूची प्रकाशित किया किया गया है। विस्तृत जानकारी वेबसाईट में एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

शहीद कप का प्रथम संस्करण बरेठीनबाहरा के नाम

- प्रथम विजेता को विधायक ध्रुव की ओर से पचास हजार पुरस्कार

नगरी/नवप्रदेश। शहीद निर्मल सिंह नेताम की याद में नगरी ब्लाक की दुगली में आठ दिवसीय छ.ग.राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट रात्रिकालीन प्रतियोगिता का शानदार समापन दुगली हाई स्कूल स्कूल मैदान में हुई। प्रतियोगिता में धमतरी, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, गरियाबंद और रायपुर, जिलों की 62 टीमों ने भाग लिए। प्रतियोगिता का आयोजन डायमंड क्रिकेट क्लब दुगली के तत्वावधान में हुआ। इस दौरान आयोजक समिति के संरक्षक हेमन्त मंडावी, अध्यक्ष नशुरूद्दीन शेख उपा.संजय सेन और सचिव बी.एल.मंडावी ने बताया प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य शहीद निर्मल सिंह नेताम की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित के साथ शहीद परिजनों को सम्मान देना बताए साथ ही इस प्रतियोगिता की अपार सफलता पूरी क्लब की मेहनत के साथ आयोजक परिवार की मार्गदर्शक सुरेन्द्र राज ध्रुव एवं कुलदीप साहू की अहम सहयोग बताया। प्रतियोगिता की शानदार समापन एवं पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव उपा.मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के करकमलों से हुई,उद्बोधन के दौरान दौरान डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने कही खेल मानव जीवन का आवश्यक हिस्सा है स्वस्थ शरीर और और दिमाग को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास को भी मदद करते हैं कही, साथ ही आयोजक परिवार को शुभकामनाएं देते हुए वर्तमान छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार भी ग्रामीण प्रतिभा को निखारने छत्तीसगढ़ीया खेल को प्रमुखता से पहल में सरकार की योजना में स्थान दी है। प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले के दौरान क्रिकेट क्लब भेन्ड्री जिला धमतरी एवं बरेठीनबाहरा जिला-कांकेर के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, भेन्ड्री ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए जवाब में बरेठीनबाहरा के बल्लेबाजों ने 4 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिये और शहीद कप के ओरिजिनल सरताज बने।समापन एवं पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव रहे और अध्यक्षता तुलसी राम मंडावी सरपंच कोलियारी ने की बतौर अतिथि लखनलाल ध्रुव सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग., जिला उपाध्यक्ष भानेन्द्र ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष भूषण साहू नगरी, कैलाशनाथ प्रजापति बेलरगांव, राजाराम मंडावी पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, ठाकुर शिव परिहार, जावेद मेमन, अक्तर खा, कुलदीप साहू प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस, भरत लहरें, कैलाश बिसेन, किर्ती मरकाम जनपद सदस्य गट्टासिल्ली, सरपंच रामकुवर मंडावी दुगली, शिवप्रसाद नेताम कौव्हाबाहरा, आशीष नाग, सहित क्षेत्र के जनों के साथ आयोजक परिवार के खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। आयोजक परिवार की एतिहासिक सम्मान और हजारों की संख्या में मैदान में दर्शक और सुनियोजित आयोजन से प्रभावित होकर विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने प्रथम प्राइस, 50,000 आयोजक समिति को सहसम्मान भेंट की।

ईव्हीएम, वीवीपैट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार ने बुधवार को संयुक्त जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से ईवीएम वीवीपेट मशीनों की संख्यात्मक जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरा और अग्निशमन व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर सहित कोषालय अधिकारी मनोज लारिया उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विधि आयोग समझे, भाजपा ...

जा सकता है और मनाया जाना चाहिए, तब इस प्रक्रिया में समाज के विशेष समूहों या कमजोर वर्गो को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। आयोग ने भेदभावपूर्ण कानूनों को संबोधित करना इस स्टेज पर न तो जरुरी है और ना ही वांछित। आज दुनिया के अधिकांश देश अनेकता की मान्यता की ओर बढ़ रहे हैं और इसका अस्तित्व भेदभाव नहीं है।

हाईकोर्ट में लाइव ...

पूरी रकम बैंक के जनरल मैनेजर, मैनेजर ने अन्य दो बैंक कर्मियों की मदद से हड़प ली। पीड़ित पक्ष को यह बात तब मालूम हुई, जब उनके पास लोन की किश्तों के लिए बैंक से कॉल आने लगे।

कोचिंग सेंटर में लगी ...

से कूदकर जान बचाने को मजबूर हुए। पुलिस के मुताबिक आग बिल्डिंग के मीटर में लगी थी। धुंआ ऊपरी मंजिल पर फैल गया जिसके कारण अफरा-तफरी मच गई। वहां सिविल सर्विसेस का कोचिंग सेंटर था।

22 को शाह, 30 को नड्डा...

कार्यकर्ताओं से भेंट कर चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे, साथ ही एक बड़ी आमसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें वे स्थानीय नागरिकों को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय रक्षा मंत्री अपने दौरे कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के साथ सरकार की उपब्धियों को जनता के सामने पेश करेंगे। कहा जा रहा है कि इस दौरे में रक्षा मंत्री बस्तर में सेंट्रल फोर्सेस के जवानों से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम मोदी 7 अगस्त को दुर्ग में : केंद्रीय मंत्रियों व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 अगस्त को दुर्ग आएंगे। बीजेपी इस बार छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी के चेहरे पर ही विधानसभा चुनाव लड़ेगी। ऐसे में पीएम का यह दौरा भाजपा के लिए काफी अहम है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पीएम छत्तीसगढ़ के पहले आईआईटी का लोकार्पण करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में हुई उपलब्धि को जनता के सामने प्रचार-प्रसार करें।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO. 24/2023-24 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/1988/ टेण्डर/व.ले.लि./ग्रायांसेवा / 2023 बिलासपुर दिनांक 06.06.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 21.06.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम/स्थान	ठेके की अनुमानित लागत
1	2	4
1	प्रा.शाला में अति. कक्ष निर्माण, दगौरी, वि.ख. बिल्हा	15.02
2	मा.शाला में 1 अति कक्ष निर्माण, कुदुदण्ड, वि.खं. बिल्हा	7.61
3	स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय शा.उ.मा.शा. पंधी में प्रथल तल में शौचालय निर्माण कार्य, अधोसंरचना उन्नयन कार्य, वि.खं. मस्तूरी	7.67

Note -

01. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शाउ माशा पंधी में प्रथम तल में शौचालय निर्माण कार्य अधोसंरचना उन्नयन कार्य, वि.ख. मस्तूरी निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-02304/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

पता :- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने, Phone No. 07752-250593, Email ID echil-phe cg@gm.in

:: ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना ::

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बिलासपुर के अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

कार्य का नाम :- बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत जल जीवन गिरान सी रेट्रोफिटिंग सिंगल / सोलर प्रदाय योजना अन्तगत जल वितरण प्रणाली उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, घरेलु टेपनल कनेक्शन तथा अन्य सम्पूर्ण कार्य (संलग्न शेड्यूल अनुसार)

क्रं.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	निविदा आमंत्रण का क्रमांक	ग्राम/विकासखण्ड का नाम	निविदा की लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि
1	30/12.06.2023	138152	3rd Call	बरगन/तखतपुर	72.49	55000
2	31/12.06.2023	138153	3rd Call	घोघरा/तखतपुर	64.41	49000
3	32/12.06.2023	138155	3rd Call	घोंघाडीह/तखतपुर	61.76	47000
4	33/12.06.2023	138156	3rd Call	केकती/लखतपुर	62.80	48000
5	35/12.06.2023	138158	3rd Call	खटोला, पाली/तखतपुर	68.05	52000
6	34/12.06.2023	138160	3rd Call	पेण्ड्री/तखतपुर	83.97	63000
7	36/12.06.2023	138161	3rd Call	टिंगीपुर/तखतपुर	61.24	46500

ऑनलाईन निविदा की अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https:\\eproc.cgstate.gov.in** दिनांक 15.06.2023 सुबह 11.00 बजे से तथा दिनांक 03.07.2023 समय 17.30 बजे तक बीड डाले जा सकते हैं एवं अन्य विवरण कार्यालायीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी-02344/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड-जशपुर (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं

कार्य का नाम :- जशपुर जिले के निम्नलिखित विकासखण्ड/ग्राम/बसाहट में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत 63 से 75 मिमी. व्यास के HDPE पाईप ए 20 मिमी व्यास के कंपोजिट पाईप एवं 30 मि.मी. व्यास के यू.पी. व्ही.सी पाईप 6&10 kg/cm^2, स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग क्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, स्वीच रूम, रेनोवेशन, घरेलू नल कनेक्शन एवं अन्य संबंधित समस्त कार्य, 6 माह ट्रायल रन सहित स्वीकृत शेड्यूल अनुसार।

क्र.	निविदा क्र./ दिनांक/सिस्टम नम्बर	योजना का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रू. लाख में)
1	172/10.06.2023/ 137597	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम बसंतपुर गाड़ी बी एवं मठपहाड़ FHTC-242 नग	160.81	120610/-
	173/10.06.2023/ 137598	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम चिकनीपानी एवं हिरापुर FHTC- 243 नग	177.44	133080/-
	174/10,06.2023/ 137599	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम कछार, सुरजगढ़ एवं करमीटिकरा FHTC-225 नग	111.55	83670/-
	175/10.06.2023/ 137600	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम कोकियाखार एवं तरेकेला FHTC- 136 नग	82.37	61780/-
	176/10.06.2023/ 137601	विकासखण्ड पत्थलगांव के गाँव सुरंगपानी और कोकियाखार FHTC-185 नग	98.36	73770/-
	177/10.06.2023/ 137602	विकासखण्ड पत्थलगाँव के तारेकेला, खरकट्टा, पेमला और करमीटिकरा FHTC-186 नग	127.71	95790/-
	178/10.06.2023/ 137603	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम बुलडेगा धनपुर, आमाटोली एवं मधुबन FHTC- 108 नग	143.02	107270/-
	179/10.06.2023/ 137604	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम फरसाटोली जोराडोल, कुकरगांव, रघुनाथपुर, सुरंगपानी एवं जामझोर FHTC-175 नग	168.24	126180/-
	180/10.06.2023/ 137605	विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम पतरापाली एवं बिहाबल FHTC- 155 नग	92.99	69750/-
	181/10.06.2023/ 137606	विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टागरगांव FHTC-188 नग	83.32	62490/-
	182/10.06.2023/ 137607	विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम गरियाडोहर एवं पतरापाली FHTC- 136 नग	77.45	58090/-
	183/10.06.2023/ 137608	विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टांगरगाँव FHTC- 130 नग	42.00	31500/-
	184/10.06.2023/ 137609	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम बुधडाड एवं फुलडीह FHTC- 316 नग	172.91	129690/-
	185/10.06.2023/ 137610	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम हर्राडीपा FHTC-143 नग	81.16	60870/-
	186/10.06.2023/ 137921	विकासखण्ड बागीचा के ग्राम महुआ FHTC-180 नग	93.29	69970/-
	187/10.06.2023/ 137922	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम कलिया FHTC- 228 नग	112.75	84570/-
	188/10.06.2023/ 137923	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम महनई FHTC- 330 नग	178.89	134170/-
	189/10.06.2023/ 137937	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम सरबकोम्बा, कुदमुरा, डुमरपानी, ताम्बाकछार FHTC- 651 नग	317.70	158850/-

उपरोक्त निर्माण कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 28.06.2023 तक आमंत्रित की जाती है। जल जीवन मिशन कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-02320/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जशपुर छ.ग.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

वाहन चालकों ने की कलेक्टर से मुलाकात

गरियाबंद/नवप्रदेश। नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा से मंगलवार को शासकीय वाहन चालक के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किये। ज्ञात हो कि कलेक्टर आकाश छिकारा ने गरियाबंद में कलेक्टर के पदभार शुक्रवार को ग्रहण किये। उनके पदभार ग्रहण के पश्चात मंगलवार को वाहन चालक के अध्यक्ष वाहन चालक के अध्यक्ष श्री जितेंद्र यदु, उपाध्यक्ष श्री संतोष गोस्वामी सचिव भुवन दास कुलदीप, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार नागेश, मीडिया प्रभारी गौतम कश्यप तथा सदस्य डोमेश्वर सिन्हा, हेमंत सिन्हा, आशीष देववंशी, जागेश्वर ध्रुव , सत्येंद्रसागर , परमेश्वर गंधर्व, मीत विश्वकर्मा , विनय गोस्वामी, राजेश सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किए।

पर्यवेक्षक ने किया ईवीएम जांच कार्य का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु ईवीएम/वीवीपैट मशीनों के एफएलसी कार्यक्रम 27 जून तक की अवधि में पूर्ण किया जाना हैं। बेमेतरा जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक ईवीएम नोडल अधिकारी तमिलनाडु व्ही श्रीधर ने आज बुधवार को ईवीएम वीवीपैड प्रथम स्तरीय जांच कार्य का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक श्रीधर आज जिला कार्यालय स्थित ईव्हीएम वीवीपेट वेयरहाउस मे 10 जून से चल रहे ईवीएम मशीने प्रथम स्तरीय जांच कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होनें जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा से ईव्हीएम वीवीपैट मशीनों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए जांच कार्य में आयोग के निर्देशों के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। मशीनों के जांच का कार्य ईसीआईएल कम्पनी के 8 इंजीनियरों के द्वारा राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर छन्नू लाल मार्कण्डे, एफएलसी सुपरवाइजर भूपेन्द्र जोशी, निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष नामदेव, लायजनिंग ऑफिसर संतोष साहू सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

व्यय लेखा की जांच कराने तिथि निर्धारित

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वन संरक्षक कार्ययोजना वनमंडल बिलासपुर रामअवतार दुबे को सामान्य प्रेक्षक एवं संजय कुमार चौधरी उपसंचालक (वित्त) वरिष्ठ लेखाधिकारी छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कबीरधाम को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। सामान्य प्रेक्षक रामअवतार दुबे ने गत दिवस जनपद पंचायत बेरला एवं बेमेतरा का भ्रमण कर निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड 6 के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संजय कुमार चौधरी ने भी पार्षद पद के अभ्यर्थियों की बैठक लेकर व्यय लेखा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा की जांच कराने हेतु 15 जून एवं 23 जून को 11 से 1 बजे तक की तिथि एवं समय निर्धारित किया गया हैं। उप निर्वाचन के संबंध में कोई भी शिकायत सामान्य प्रेक्षक के मो.नं. 6264162601 एवं व्यय प्रेक्षक के मो.नं. 9300246454 पर की।

बेरोजगारों को मिलेगा सीपेट में नि:शुल्क प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवक-युवतियों का चयन कर कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण सह नियोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन व उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संख्या सिपेट के प्रस्तावित लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेड वार मशीन ऑपरेटर सीएनसी लैब योग्यता दसवीं पास प्रशिक्षण अवधि 3 माह, मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट प्लास्टिक प्रोसेसिंग योग्यता 8वीं पास प्रशिक्षण अवधि 3 माह, सिपेट रायपुर द्वारा प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स इन सीएनसी टर्निंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन मिलिंग, योग्यता दसवी पास प्रशिक्षण अवधि 3 माह तक प्रशिक्षण कार्यक्रम उक्त संस्थानों के रायपुर प्रशिक्षण केन्द्रों में निःशुल्क आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण केन्द्र में आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण हेतु कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बेमेतरा संयुक्त जिला कार्यालय के द्वितीय तल के जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कक्ष क्रमांक 62 में अपना आवेदन पत्र 20 जून तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

पात्रता एवं शर्ते - आवेदक/आवेदिका अनुसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो, आवेदक का उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो। आवेदक को आधारकार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा साथ ही शैक्षणिक योग्यता 8 वीं एवं 10 वीं अंकसूची की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा कि आवेदक स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो सहित सभी वांछित दस्तावेजों के साथ जिला अंत्यावसायी शाखा में उपस्थित होकर 20 जून तक अपना आवेदन कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता।

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा एक हेल्प लाईन नंबर 9479257558 का शुभारम्भ किया गया, जिसे समाधान नाम दिया गया है। इस नंबर पर आम नागरिकों के द्वारा कभी भी अपनी शिकायत गोपनीय रूप से दर्ज कराया जा सकता है। अलग-अलग दो व्यक्तियों से समाधान नंबर पर शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना दाढी क्षेत्र के ग्राम नवागांवकला में एवं थाना नांदघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम मेहना और अमोरा के बीच के ढाबों में अवैध शराब बिक्री हो रही हैं। समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा समाधान सेल प्रभारी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं थाना बेरला प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही हैं। बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 13 जून को थाना दाढी एवं थाना नांदघाट स्टाफ द्वारा ग्राम नवागांवकला एवं ग्राम मेहना और अमोरा के बीच के ढाबा में पहुच कर शिकायत के अधार पर चेकिंग किया गया, चेकिंग के दौरान लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर आरोपी सुरेश जायसवाल पिता स्वं. प्रभुराम जायसवाल उम्र 36 साल ग्राम नवागांवकला थाना दाढी जिला बेमेतरा एवं कमलेश साहू पिता संतराम साहू उम्र 33 साल साकिन मेहना थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरुद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं।उपरोक्त कार्यवाही में समाधान सेल एवं थाना दाढी व नांदघाट स्टाफका सराहनीय भुमिका रही।

जिले के 18 राशन दुकानों की आईडी निलंबित

भाटापारा/नवप्रदेश। शासन से प्राप्त निर्देश के अनुरूप कलेक्टर चंदन कुमार ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों की संचालन करने वाली कुल 18 हड़ताली सेवा सहकारी समितियों की आईडी को निलंबित कर आसपास के राशन दुकानों में संलग्नीकरण किया है। इस हेतु जिले के विभिन्न एसडीएम ने आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत कसडोल अनुविभाग के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान कसडोल-2, सेमरिया, कोट क, सर्वा, मल्दा, ठाकुरदिया, अर्जुनी ब, असनींद को निलंबित किया गया है। इसी तरह भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत हथनीपारा, गांधी मंदिर, महासती वार्ड, दतरेंगी, राजाढार, मोपका, भोथीडीह, गाड़ाडीह एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड शामिल है। राशनकार्डधारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इनका संलग्नीकरण इस प्रकार किया गया है। कसडोल-2 का कसडोल आईडी क्रमांक- 52101304 में, सेमरिया को ग्राम टेमरी में,

कोट क को छांछी में, सर्वा को ग्राम भदरा में, मल्दा को मुड़पार म में, ठाकुरदिया को बगार में, अर्जुनी ब को खैरा ब में, असनींद को मोतीपुर में संलग्न कर आदेशित किया गया है। इसी तरह हथनीपारा को परसवानी अ, गांधी मंदिर को सुरजपुरा, महासती वार्ड को जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह, दतरेंगी को जय मां चंद्रहासिनी महिला स्व सहायता समूह, राजाढार को जय माता दी महिला स्व सहायता समूह, मोपका को सेवा सहकारी समिति निपनिया, भोथीडीह को आईडी क्रमांक 442009050 में, गाड़ाडीह को नवज्योति महिला स्व सहायता समूह, लच्छनपुर को अमर ज्योति महिला स्व सहायता समूह एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड को जय मां राधिका स्व सहायता समूह में संलग्न कर आदेशित किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालक द्वारा प्रतिमाह प्रथम सप्ताह में राशन कार्डधारियों को खाद्यान वितरण प्रारंभ किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारियों को खाद्यान का वितरण शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना है। वितरण प्रारंभ न करने की स्थिति में कार्रवाई की गई है।

ललित को छत्तीसगढ़ी में पीएचडी की उपाधि

भाटापारा/नवप्रदेश। इन्दौर मे आयोजित दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ी लोक रामायण विधा पर डाक्टरेट की उपाधि से अंतर्राष्ट्रीय पार्श्व गायक ललित सिंह ठाकुर ग्राम कड़ार भाटापारा को सम्मानित किया गया ।इस लोक रामायण विधा को अपनी लोक संगीत व हिन्दुस्तानी शैली को बरकरार रखते हुए ग्रामीण स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी कला / संगीत के माध्यम से लोगों में जनजागृति कर ललित ठाकुर ने अपनी अहम भूमिका निभाई है इस विधा को छत्तीसगढ़ मे पहली बार उपाधि मिली है जिसके लिए लोक रामायण का सिद्धहस्त लोक कला के नायक के नाम से जाने पहचाने जाने वाले ललित ठाकुर ने डाक्टरेट की उपाधि हासिल कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का नाम रोशन

किया है। इस दीक्षांत समारोह स्थल पर महामण्डलेश्वर धर्माचार्य शुभेश शरणम धर्माचार्य योगेन्द्र महंत जी तथा म,प्र, के पूर्व मंत्रीगण व गोल्ड वर्ल्ड रिकार्ड के मेम्बर डा, ललिता बी, जोगड की उपस्थिती मे यह कार्यक्रम पूर्व मिसेज इंडिया व आयोजिका डा, शिल्पा बागरेचा द्धारा सम्पन्न हुआ।वही रात्रि में अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब इदौर द्धारा आयोजित कविसम्मेलन में डा, ललित सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाटापारा जनपद पंचायत के सभापति डा, रामेश्वर वर्मा , केशव (चिकू) वर्मा राजकुमार धुव लेवाई,हरदयाल धुव गोढी, दुर्गामाला सांस्कृतिक लोक कला मंच की निर्देशिका ललिता देवा ठाकुर की विशेष सहभागिता रही। उक्ताशय की जानकारी दुर्गामाला सांस्कृतिक लोक कला मंच ग्राम कड़ार भाटापारा के अध्यक्ष गजहंस राज सिंह ने दी।

सामाजिक माहौल खराब करने वालों पर करें अनुशासनात्मक कार्यवाही : गृहमंत्री

■ **गृहमंत्री साहू ने क्राइम और कानून व्यवस्था पर ली समीक्षा बैठक**

बेमेतरा/बेमेतरा। प्रदेश के लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज बुधवार को बेमेतरा प्रवास के दौरान जिला कार्यालय कलेक्टोरेट के दिशा-सभाकक्ष में गृह विभाग के अधिकारियों की क्राइम एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता से जिलें के थाना, परिसीमन, चौकी, लाइन, बल की उपलब्धता तथा सुरक्षा संबंधित अन्य विषयों की जानकारी ली। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में चल रहे कानून व्यवस्था और घटनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। गृह मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को सीमा क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए जिले के आंतरिक क्षेत्रों में भी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक को जिले में सुरक्षा बल की और आवश्यकता होने पर जानकारी भेजने को कहा। उन्होंनें जिलें में आक्रामक भाषण और सामाजिक माहौल खराब करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को कहा एवं जिले में साइबर केस के संबंध में जानकारी ली और साइबर क्राइम के थानों पर अत्याधुनिक उपकरण की व्यवस्था करने को कहा एवं महिला अपराध जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। गृहमंत्री ने बताया कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिलें में होने वाली क्राईम गतिविधियों पर अभी से अंकुश लगाना प्रारंभ कर दो। इसके अलावा अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर लगातार निरीक्षण कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

भूपेश सरकार के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ा है : मंत्री अकबर

■ **प्रदेश के लाखों वनोपज संग्राहक परिवारों का आय दोगुना हुआ**

कवर्धा/नवप्रदेश। वन,परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड ग्राम भोथी में मंगलवार को 39 शहद संग्रहक परिवरों को डंक रोधी किट वितरण किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के लाखों वनोपज संग्रहक परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक निर्णय लिया गया है। प्रदेश के लाखों वनोपज संग्राहक परिवारों को स्थानीय स्तर पर वनोपज से जुड़े रोजगार का सृजन किया जा रहा है और वनापज का समर्थन

मूल्य भी बढ़ाया गया है। इससे प्रदेश लाखों परिवारों को सीधा और प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि भूपेश सरकार सात प्रकार के वनोपज को बढ़ाकर 65 प्रकार के वनोपज खरीदी कर रही है। वर्ष 2018-19 से 22-23 तक 30.35 लाख क्विंटल लघुवनोपज मूल्य 356.44 करोड रूपए की खरीदी कर देश में पहले स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हमारी सरकार ने महुआ फूल 17 रूपए से बढ़ाकर 33 रूपए किया। इमली प्रति किलो 25 से बढ़ाकर 36 रूपए किए। चिरौजी 93 रूपए से बढ़ाकर 126 रूपए किए। रंगीनी लाख 130 से बढ़ाकर 220 रूपए, कुसुमी लाख 200 से बढ़ाकर 300 रूपए, शहद 195 रूपए से बढ़ाकर 225 रूपए किए। तेन्दूपत्ता 25 सौ रूपए से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किए। छत्तीसगढ़ में वनोपज का समर्थन मूल्य बढ़ने से वनसंग्राहक से जुड़े राज्य के लाखों परिवारों को संबल मिला है। भूपेश सरकार के प्रति वनोपज संग्राहक परिवारों को विश्वास और भरोसा बढ़ा है।

कैबेनेट मंत्री अकबर ने कहा कि वनोपज में शहद का भी महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के लाखों परिवार शहद संग्रहण कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप् से जुड़ कर काम कर रहे। उन्होने कहा कि शहद संग्रहण करने वाले परिवारों की सुरक्षा की चिंता सरकार कर रही है, इसलिए उनके लिए डंग रोधी कीट का वितरण पूरे प्रदेश भर में किया जा रहा है। इससे राज्य में शहद प्रसंसकरण करने में और तेजी आएगी और रोजगार के नए अवसर भी मिलेगे।

राष्ट्रीय कैडेट जूडो में शामिल होगी छत्तीसगढ़ की टीम

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता आईआईएसजेएसडब्ल्यू कर्नाटका के तोरंगालू में दिनांक 5 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम भी भाग लेगी। जिसके लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बलौदा बाजार भाटापारा जूडो संघ, पूज्य सेंट्रल सिन्धी पंचायत भाटापारा के सहयोग के साथ राज्य स्तरीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता (बालक/बालिका) का आयोजन 17 और 18 जून को श्री गोदड़ीवाला धाम,पटपर रोड,भाटापारा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों/कॉर्पोरेशन/यूनिट के पंजीकृत खिलाड़ी /अधिकारी भाग लेगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 15 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम होनी चाहिए अर्थात 2006 2007 तथा 2008 में जन्म लिए हुए खिलाड़ी ही इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के 8,8 वजन समूह में खेली जावेगी प्रथम तीन स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व मेडल प्रदान किया जाएगा।इस राज्य स्तरीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता से ही राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता तोरंगालू (कर्नाटक) हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा।

भाजपा के विधानसभा स्तरीय बैठक में प्रबुद्धजनों का किया सम्मान

साजा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 13 जून मंगलवार को प्रदेश नेत्रीत्व द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत नान्हर भवन (आवन्ती बाई चौक) साजा में विधानसभा स्तरीय साजा धमधा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन पर परिचर्चा एवं संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का बैठक आहुत की गई। जिसमें उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के सम्मानीय प्रबुद्धजनों का श्रीफल एवं फुल माला व दुपट्टा से स्वागत किया गया। मुख्य रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री राकेश चन्द्राकर, बेमेतरा

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पुर्व विधायक एवं संसदीय सचिव व विधानसभा संयोजक लाभचंद बाफ्ना, प्रहलाद रजक, नटवर ताम्रकार उपस्थित रहें। बैठक में सेवा निवृत्त शिक्षक व वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता घनश्याम सिंग ठाकुर ने अपना पुराना अनुभव बताया। प्रहलाद रजक ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि हम लोग भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं, हम सभी कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। अब चुनाव आ गया हैं, चुनाव की तैयारी हम सब को मिलकर करना हैं और भारतीय जनता पार्टी के कमल के फूल को विजयी बनाना हैं।

न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड में 26 से शुरू होगा बसों का संचालन

■ **कलेक्टर ने बस संचालक, आटो और जीप संचालकों की ली संयुक्त बैठक**

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा बस एसोशियएन द्वारा आगामी 26 जून से कवर्धा के नए हाईटेक बस स्टैण्ड से पूर्णतः बस संचालन किया जाएगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज यहां जिला कार्यालय में बस संचालक, आटो और जीप संचालकों सहित नगर पालिका अधिकारी और जिला परिवहन कार्यालय की संयुक्त बैठक ली। बैठक में आगामी 26 जून से हाईटेक बस स्टैण्ड से बसों का संचालन करने का निर्णय लिया है। बैठक में शहर से नए बस स्टैंड तक पहुंचने के

लिए यात्रियों के सुविधाओं के बारे में भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, सहित बस संचालक, आटो और जीप संचालक विशेष रूप से उपस्थित थे। कवर्धा शहर में नव निर्मित हाईटेक बस स्टैण्ड का लोकार्पण होने के बाद बसों का पूर्णतः संचालन अब 26 जून से होगा।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि 26 जून से सभी बसों, जीप का संचालन नव निर्मित हाईटेक बस स्टैण्ड से किया जाएगा। नए बस स्टैंड में बस, जीप, आटो पार्किंग, पेयजल, बैठक सहित अन्य सभी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पुलिस विभाग को यात्रियों के सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस और जीप की स्टॉपेज के लिए निर्धारित स्थान का चिन्हांकन करने कहा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

गोधन न्याय योजना बना गणेश राम के समृद्धि का आधार

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप इस योजना से ग्रामीणों एवं पशुपालकों की तकदीर एव तस्वीर बदल रही है। यह योजना अब गोबर विक्रेताओं के लिए आमदनी का कारगर स्त्रोत बनकर राज्य के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में राज्य शासन की इस महत्वपूर्ण योजना डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम शिकारीटोला के पशुपालक गणेश राम के लिए आज आर्थिक समृद्धि का आधार बन गया है। पशुपालक गणेश राम ने अपने गांवों के गौठान में निरंतर गोबर बिक्री कर अब तक

78 हजार 752 रुपये से अधिक की राशि अर्जित कर लिया है। यह योजना गणेश राम के जीवन में बदलाव लाने के लिए एक अत्यंत सफल योजना साबित होकर उनके सुखमय जीवन का आधार बन गई है। गणेश राम ने गोबर बिक्री कर इस राशि का उपयोग अपने बाल-बच्चों के पढ़ाई-लिखाई, खेती-किसानी में उपयोग के साथ-साथ अपने अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में किया है। इसके अलावा उन्होंने शेष राशि से अपनी धर्मपत्नी के लिए गहने की भी खरीदी की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार की लोक कल्याणकारी गोधन न्याय योजना से राज्य के साथ-साथ जिले के पशुपालक किसान और ग्रामीण महिलाओं के लिए वर्तमान में आमदनी का स्थाई स्त्रोत बन गया है। इस योजनांतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए गौठानों में पशुपालकों से नियमित रूप से गोबर खरीदी की जा रही है। जिससे यह योजना पशुपालकों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बन गया है ।

इस योजना के फलस्वरूप अपने जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी देते हुए कृषक गणेश राम ने बताया कि गोधन न्याय योजना के फलस्वरूप वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गए है। उन्होंने बताया कि अब तक वे 39 हजार 376 किलोग्राम से अधिक का गोबर की बिक्री कर 78 हजार 752 रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया है। गणेश राम ने बताया कि इस योजना के शुरू होने के पहले हमारे गाँव में रोजगार के कोई साधन नहीं होने से हमारे गांव के युवक-युवतियां एवं महिलाओं को रोजगार के लिए अन्य गांव में जाना पड़ता था।

सर्वे सूची में नाम लिखवा कर योजना का फायदा लें: सुशील

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन के निर्देशानुसार भाटापारा ब्लॉक के ग्राम गुडेलिया,चिचपोल,पाटन और पासीद ग्राम में चल रहे मनरेगा कार्यो का निरीछन करने कार्यरत मज़दूर साथियों के मध्य पहुँच कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुये योजनाओ के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से चर्चा की।इस अवसर पर उपस्तिथ सभी मज़दूर साथियों को सम्बोधित करते हुये मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा की आज मनरेगा कार्यों के कारण हमारे मज़दूर साथियों को पलायन कर दूसरे प्रदेश में रोज़ी रोटी कमाने जाने की अवस्यकता नही है अब मज़दूर अपने गाँवों में ही रहकर अपना जीवन यापन कर रहे है आज हमारी सरकार की सभी योजना का लाभ प्रदेश की सभी जनता जनर्दन को मिल रहा है,अब भूपेश सरकार सर्वे कराकर गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले मज़दूर भाइयों को भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओ का लाभ दिलायेगी इसके लिये गाँव गाँव में सर्वे करा कर भूपेश सरकार ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है ।

रेडक्रॉस का अब तक का सर्वाधिक रक्तदान

■ रक्तदान शिविर में 174 यूनिट रक्त संग्रहित

■ कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने किया रक्तदान

कांकेर/नवप्रदेश। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कांकेर के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय जिला ब्लड बैंक कोमल देव चिकित्सालय सहित विकास खंड दुर्गुकोंदल एवम सशस्त्र सीमा बल केंवटी और अंतागढ़ में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। डॉ प्रियंका शुक्ला कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, डॉ अविनाश खरे मुख्य चिकित्सा अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाते हुए सशस्त्र सीमा बल भानुप्रतापपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल और जिला ब्लड बैंक कोमलदेव चिकित्सालय कांकेर में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में चलो करें रक्तदान - बने हम देश का अभिमान थीम पर युवा वर्ग, महिला, पुरुष ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा रक्तदान शिविर में अब तक का सर्वाधिक 174 यूनिट रक्त संग्रहित किया। कलेक्टर एवम अध्यक्ष डॉ प्रियंका शुक्ला ने संदेश देते हुए कहा की रक्तदान में युवतियों को आगे आना चाहिए । मानव कल्याण में लोगों की मदद के लिए रक्तदान करना उत्तम कार्य है। डॉ शुक्ला कॉलेज से अब तक 31 से अधिक बार रक्तदान कर चुकी है। शिविर में पहली बार रक्तदान करते हुए राजलक्ष्मी ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है और इस अवसर पर रक्तदान करने से मुझे आत्मीय अनुभूति हो रही है भविष्य में ऐसे पुनीत कार्य में हमेशा आगे रहूंगी। पहली बार देने वाले मेडिकल कॉलेज के छात्र छत्रपाल ने कहा कि मन में पूर्वाग्रह बसा हुआ था पर आज रक्तदान कर सारी शंकाएं दूर हो गई, हर युवा वर्ग को रक्तदान करना चाहिए। शिविर में सबसे अधिक उम्र 58 वर्षीय रक्तदाता प्रभु राम जैन पुलिस विभाग ने रक्त कर खुशी जाहिर की। शिविर के सफल आयोजन में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ एम के मरकाम, जिला संगठक पवन सेन, अनुपम जोफर, प्रभारी रवि सिंह, ओम प्रकाश सेन, एएसआर मूर्ति, सुनील साहू, प्रदीप सेन, घसिया राम साहू, राजूराम मरकाम, धरती दीवान, स्मृति दास, दीनबंधु सिन्हा, बरखा शर्मा, अनामिका, गायत्री, भूपेंद्र सिंहा, दीपक नरेटी, लोकेश नरेटी टिकेश सिन्हा का योगदान रहा।

पंद्रह लाख का गांजा पकड़ाया, आरोपी फरार

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस को पंद्रह लाख का गांजा पकड़ने में सफलता हासिल हुई है. पूरे मामले में नगरनार पुलिस ने कार्यवाई की है. हालाँकि, झाड़-जंगल का फायदा लेकर आरोपी फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नगरनार थाना को मुखबीर से सुचना मिली थी कि उड़ीसा बॉर्डर से लगे क्षेत्र में गांजे से भरे एक मालवाहक पिकप घूम रहा है। सुचना के आधार पर नाकाबंदी कर थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर धनपूंजी रेलवे क्रासिंग से देवड़ा मंदिर की ओर रवाना किया गया. रास्ते में उक्त पिकअप क्रमांक MH-27-BX-1864 के दिखने पर उसे रोका गया लेकिन पुलिस पार्टी को देखकर वाहन चालक जंगलों की आड़ लेकर भाग गया. उक्त वाहन की तलाशी करने पर बोरियों में 150 किलो मादक पदार्थ गांजा जिसकी कीमत 15 लाख रुपये है, जप्त किया गया और आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में रक्तदान शिविर

किरन्दुल/नवप्रदेश। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना अस्पताल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें बीआईओपी स्कूल की शिक्षिका साधना स्तंभ, सीआईएसएफ जवानों, अस्पताल कर्मचारी, एनएमडीसी कर्मचारी एवं आम नागरिकों द्वारा 35 यूनिट रक्तदान किया गया।डॉ शलील श्रीवास्तव ने कहा की आजादी के अमृत काल के तहत स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण विभाग के दिशा निर्देश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से स्वेच्छिक रक्तदान हेतु जागरूक किया गया।इस अवसर सीएमओ डॉ एम.व्ही लाल, महाप्रबंधक उत्पादन एस बी सिंह, सहायक प्रबंधक वेल वसन्तन, दिनेश साहू, रोज़ मैरी, सुचित्रा एवं सतीश मौजूद थे।

पर्वतारोहण व आपदा प्रबंधन शिविर में भाग लेने विद्यार्थी रवाना

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के वित्तीय अनुदान से राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास आपदा प्रबंधन शिविर साहसिक गतिविधि का आयोजन 15 जून 2023 से 20 जून 2023 तक राष्ट्रीय एडवेंचर संस्थान पचमढ़ी मध्य प्रदेश में किया जा रहा है इस पर्वतारोहण शिविर में कांकेर जिले के आत्मानंद विद्यालय के स्कूली विद्यार्थी शासकीय उत्कृष्टउच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव से सत्यम पांडे, कु .श्रेया केमरो, शारदा यादव,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटोद से टीकम कुमार, चाणक्य मंडावी, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर से कु . मीनल नेताम एवम दल प्रभारी ममता तारम भाग ले रहे। उक्त कांकेर जिला टीम आज मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुआ हेमंत ध्रुव अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर प्रियंका शुक्ला कलेक्टर कांकेर, भुवन जैन जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर, रचना श्रीवास्तव प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव,दंतेश्वरी तिवारी, अभिमन्यु कुंवर ने उक्त टीम को शुभकामनाएं दी है। उक्त जानकारी वाजिद खान जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने दी।

संरक्षक दिनेश कुमार ने एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर संस्था को साउंड सिस्टम प्रदान किया

किरन्दुल/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले की किरंदुल स्थित एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर समाज सेवी संस्था को किरंदुल नगर के वरिष्ठ समाज सेवक व कलिंगा सोशल वेलफेयर के संरक्षक दिनेश कुमार साहू के द्वारा संस्था के द्वारा सार्वजनिक रूप से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें उन्हें साउंड सिस्टम की आवश्यकता पड़ती है इसको विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए साहू के द्वारा एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर को अपनी सौजन्य से एक सेट साउंड सिस्टम प्रदान किया गया इसके लिए एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर परिवार दिनेश कुमार साहू का हृदय से धन्यवाद दिया।

समूह की महिलाओं को मृणाल रॉय ने दान किया दुधारू गाय

किरन्दुल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ शासन के योजना अंतर्गत काम धेनु स्व सहायता समूह के दीदियों को किरन्दुल नगरपालिका गौठान में बुधवार को पालिका अध्यक्ष मृणाल राय द्वारा दो दुधारू गाय दान किया गया।पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दुधारू गाय से जो भी आय मिलेगा उससे गौ माता का आहार लिया जाएगा साथ ही काम धेनु स्व सहायता समूह के दीदियों की आमदनी भी बढ़ेंगी।साथ ही गाय बीमार होने पर उसकी ईलाज की सम्पूर्ण खर्च नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा वहन किया जायेगा।

इस अवसर पर गोठान में पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण,सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मिलकर गौमाता का नामकरण भी किया गया जिनका नाम गौरी एवं संतोषी रखा गया।इस कार्यक्रम में नपा सीएमओ सुनील कुमार जैन,नगर पालिका सभापति राजेंद्र मृणाल राय,राजू कुंजाम,डीएस साहू,विनीत साव एवं नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सभी विकासखंड में दिव्यांग शिविर का आयोजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दिव्यांग व्यक्तियों को शल्यक्रिया एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण सीमांकन चिन्हांकन मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर प्रत्येक विकासखंड में चार चार स्थानों में निर्धारित तिथियों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत 19 जून को समेली, 28 जून को कोड़ेनार, 7 जुलाई को पालनार, 19 जुलाई 2023 को नकुलनार, विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत 21 जून को तुमकपाल, 30 जून को मोखपाल, 10 जुलाई को गाटम, 21 जुलाई 2023 को कटेकल्याण विकासखंड गीदम अंतर्गत 23 जून को छिंदनार, 3 जुलाई को बारसूर, 12 जुलाई को बड़े तुमनार, 24 जुलाई 2023 को गीदम विकासखंड दंतेवाड़ा अंतर्गत 26 जून को भांसी, 3 जुलाई को बारसूर, 5 जुलाई को भोगाम, 26 जुलाई 2023 को टेकनार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक दिव्यांग हितग्राही शामिल होकर शिविर का लाभ लें सकते है।

निर्माणाधीन कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

■ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा जिला मुख्यालय के पातररास क्षेत्र में बन रहें निर्माणाधीन एकता परिसर का निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि इस निर्माणाधीन एकता परिसर में सर्व समाज हेतु भवन निर्मित किए जा रहें है। मौके पर कलेक्टर ने धीमी निर्माण कार्यों पर नाखुशी जाहिर करते हुए संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि तय समय सीमा में सभी निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए कामगारों की संख्या बढ़ाई जाए इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को इस हेतु निरंतर मॉनिटरिंग करने को भी कहा। इसके अलावा कलेक्टर ने चितालंका में न्यायालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु बनाए गए नवनिर्मित आवास भवनों का भी जायजा लिया और इस परिसर के रिक्त स्थानों पर पार्क, वृक्षारोपण करने और ओपन जिम बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बांदे में जन चौपाल आयोजित, 250 आवेदन प्राप्त, 88 आवेदन निराकृत

कांकेर/नवप्रदेश। आम जनता की समस्या, शिकायतों को उनके गांव में जाकर निराकृत करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा क्लस्टरवार जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पखांजूर तहसील के ग्राम बांदे में विधायक अनूप नाग, जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उइके तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल के विशेष उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें 250 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से 88 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया, शेष 162 आवेदनों के निराकरण के लिए विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक अनूप नाग ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को निराकृत करने के लिए शासन-प्रशासन संवेदनशील है। आपके गांव पहुंच कर आपकी समस्या, शिकायतों को निराकृत करने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही शासन के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी भी दिया जा रहा है। योजनाओं को समझें और उसका लाभ उठायें। जन चौपाल में जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उसका नियमानुसार निराकरण किया जायेगा। सेवा भाव से कार्य करते हुए लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईश दिया गया। शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है, तेंदूपत्ता का दर 2500 रुपए से बढ़ाकर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा किया गया है। इस अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को नकद भुगतान भी किया जा रहा है। सरकार द्वारा लोगों के बिजली बिल हाफकिया गया, किसानों के कर्ज माफकिए गए। अब उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें गरीब परिवार के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिल रहा है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि प्रशासन आपके गांव तक पहुंच कर आपकी समस्याओं को निराकृत करने का प्रयास कर रही है। जन चौपाल में जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अध्यक्ष देवली नुरेटी सहित पंच-सरपंच, जनपद सदस्य एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कलेक्टर ने पोटा केबिन के नये भवन एवं हॉस्टल का किया निरीक्षण

■ शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसन्त ने आज यहां नारायणपुर विकासखण्ड के देवगांव स्थित पोटा केबिन स्थित हास्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यहां रहने वाले 9वीं एवं 10वीं के बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि यहां हॉस्टल मे निर्माण में जो भी कमिया है उसे पांच दिनो के भीतर पूरा कर ले, ताकि बच्चों को हर हालत में शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले सिफ्ट किया जा सके। उन्होने कहा कि बच्चों का सारा सामान व्यवस्थापन एवं सिफ्ट करने का कार्य समय पर पूरा करें। उन्होने 9वीं एवं 10वीं के बच्चों के सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव विशेश रूप से उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां के स्कूल का भी निरीक्षण किया और इसे शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहां किचन के लिए पर्याप्त शेड नहीं है इस पर कलेक्टर ने किचन के शेड निर्माण सहित सुव्यवस्थित करने हेतु जिला निर्माण एजेंसी के अधिकारी को प्राकलन तैयार करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होने गर्ल्स हॉस्टल से छात्राओं को विद्यालय आने के लिए एवं अन्य कार्यो के लिए सीसी सड़क निर्माण, बाउंडरी व्यवस्थित करने एवं मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया रक्तदान

■ रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद करें: नंदनवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सभी को विदित है कि 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आज जिला अस्पताल में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारंभ किया गया। मौके पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कैम्प का शुभारंभ करते हुए कहा कि विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित इस कैम्प का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर उनका जीवन बचाना है। अप्रत्याशित दुर्घटनाओं सहित खून की कमी से होने वाले कई लोगों में जीवनदायी खून की आवश्यकता होती है। इसके मद्देनजर जरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाया जा सकता है। इस दिशा में हम सभी को रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर मानव सेवा के इस कार्य में सहभागिता निभाने आगे आना होगा। उल्लेखनीय है कि इस मेगा ब्लड कैंप ''विश्व रक्तदान दिवस'' मौके पर अन्य अधिकारी-कर्मचारियों, नागरिकों के अलावा स्वयं कलेक्टर विनीत नंदनवार ने रक्तदान किया और जन जागरूकता के तहत हस्ताक्षर कर सेल्फी भी खिंचवाई।

विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर डॉ एस.मंडल ने कहा कि हर साल रक्तदान पर एक ग्लोबल थीम तय की जाती है। अतः इस साल की थीम अंतर्गत रक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन साझा करें और बार-बार करें'' थीम निर्धारित की गयी है। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान देने के अनेक फायदे हैं, और रक्तदान करने से कोई शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है। ज्ञातव्य है कि प्रातः 10 बजे कैंप की शुरुआत की गयी। जिसमें सीआरपीएफ जवान, पुलिस अधिकारी, एनसीसी कैडट, स्वयंसेवी संस्था सहित अन्य नागरिकों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ देश दीपक, जिला चिकित्सालय की स्टाफ सीआरपीएफ अन्य उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित प्रदेश के पहले मिलेट्स कैफे का हुआ शुभारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित प्रदेश के पहले मिलेट कैफे का शुभारंभ गुरुवार को कोड़ेनार के रीपा में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजमन बेंजाम ने कहा कि कोदो-कुटकी, रागी आदि पोषक तत्वों से भरपूर इन फसलों को देखते हुए शासन द्वारा इसके उत्पादन को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। मिलेट्स कैफे से इन स्थानीय उत्पादों की लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम से क्षेत्र को विकास के राह पर आगे ले जा रही महिलाओं को रोजगार की व्यवस्था के लिए कोड़ेनार में ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना की गई। यहां प्रदेश के पहले मिलेट्स कैफे के खुलने से यह अंचल तथा यहां बहुतायत में उगाई जाने वाली मिलेट फसलों की प्रसिद्ध बढ़ेगी। यह स्थान मुख्य मार्ग में स्थित होने के कारण व्यापार-व्यवसाय में भी आसानी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यहां महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं।

कलेक्टर विजय दयाराम के ने बस्तरिया मिलेट्स कैफे के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोगों में मिलेट की मांग अब तेजी से बढ़ रही है। बास्तानार क्षेत्र में बहुत से किसान इसकी खेती करते हैं, जिससे यह इस अंचल में आसानी से उपलब्ध है। मिलेट्स कैफे के माध्यम से तैयार उत्पादों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक गतिविधियों में संलग्न स्व सहायता समूहों को शासन-प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। बुधवार 14 जून को इसी कड़ी में जिले की 1182 समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से 28 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रदान की गई, जिसमें बास्तानार के 140 समूहों को 3 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। आपके व्यापार-व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए गौठान और ग्रामीण औद्योगिक पार्क में आवश्यक अधोसंरचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिले के हर विकासखण्ड में दो-दो ग्रामीण औद्योगिक पार्को का निर्माण किया गया है तथा हर ग्रामीण औद्योगिक पार्क में एक स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज कोड़ेनार में मिलेट कैफे का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी, पोषण पुनर्वास केन्द्र आदि स्थानों में भी प्रमुखता से उपयोग किया जा रहा है।

विधायक बेंजाम और कलेक्टर विजय ने कोड़ेनार रीपा में गतिविधियों का अवलोकन भी इस अवसर पर किया। उन्होंने कोदो-कुटकी और रागी तथा इमली प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन किया।

थमने का नाम नहीं ले रहा रकुल प्रीत सिंह का बिकिनी अवतार

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है। एक्ट्रेस हर वक्त अपने फैशन स्टेटमेंट से लोगों को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपना वेकेशन मालदीव में एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट अंदाज में फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुस प्रीत की बोल्डनेस देख कर लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने वेकेशन के दौरान अपनी बेहद ही सेक्सी बिकिनी फोटोज पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने रेड कलर की बिकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो सुपरबोल्ड नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह अपनी इन फोटोज में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत अपनी इन तस्वीरों में किलर अंदाज में ग्लैमरस अंदाज से लोगों के दिलों पर खंजर चला रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस समुद्र के किनारे मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने पोस्ट के दौरान लगातार अपने फैंस से जुड़ी हुई हैं। हालांकि फैंस को भी उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल की इन तस्वीरों पर 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है।

फिल्म द आर्चीज का नया पोस्टर जारी

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा, जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्म द आर्चीज के जरिए बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इन स्टारकिड्स ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अब निर्माताओं ने फिल्म द आर्चीज का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सभी कलाकार बेहद अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर द आर्चीज का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दिल थाम के बैठें क्योंकि द आर्चीज जल्द ही एक्शन में आएगी। फिल्म द आर्चीज भारत के 1960 के दशक की पृष्ठभूमि दिखेगी। इसकी कहानी किशोरों (टीनेज) पर है, जो कुछ दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसका निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। वो इससे पहले नेटफ्लिक्स के साथ लस्ट स्टोरीज और घोस्ट स्टोरीज के लिए काम कर चुकी हैं।

इस पोस्टर में जहां अगस्त्य नंदा के बगल में शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना पोज देती हुई दिखीं तो वहीं बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर डिफरेंट हेयर कलर किए हुए पोस्टर में नीचे बैठी नजर आई। इस फिल्म के पोस्टर को शेयर कर खुशी कपूर ने ऐलान कर दिया कि ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। हालांकि रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया।

इस पोस्टर में खुशी कपूर काफी डिफरेंट लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बालों को शॉर्ट किया हुआ है और डिफरेंट हेयर कलर भी यूज किया। वहीं प्रिंटेड ओपन शर्ट पहने वो मुस्कुराते हुए दिखाई दीं। इस फिल्म को लेकर खुशी कपूर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं जिसकी वजह खुशी का बॉलीवुड में इस फिल्म से डेब्यू करना है।

जहां एक ओर खुशी कपूर इस पोस्टर में डिफरेंट लुक में नजर आई तो वहीं शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना लाइमलाइट खींचती दिखीं.सुहाना इसमें डार्क पर्पल कलर का फुल स्लीव टॉप पहने हुई हैं और उनके बगल में अगस्त्य नंदा पोज देते हुए नजर आए. ये दोनों इस फोटो में इस वजह से भी ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही हैं कि ये दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।

इस पोस्ट को खुशी कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा- मिलिए आर्चीज गैंग से...जल्द ही आ रहा है नेटफ्लिक्स पर. खुशी ने जैसे ही इस फिल्म के पोस्टर को शेयर किया तो अंशुला कपूर और महीप कपूर ने हार्ट वाला आइकन शेयर किया. आपको बता दें, इस फिल्म का डायरेक्शन जोया अख्तर ने किया है।

सेट पर वापस आकर अच्छा महसूस कर रही हूं : मिनिषा लांबा

साल 2005 में फिल्म यहां से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली मिनीषा लांबा लंबे अंतराल के बाद अमेजन मिनी टीवी सीरीज बदतमीज दिल के साथ वापसी कर रही हैं। वह कहती हैं कि काम के लिए सेट पर वापस आकर अच्छा लग रहा है। मुंबई में बदतमीज दिल के लिए आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग में अभिनेत्री ने अपनी वापसी और शो के बारे में बात की। वेल डन अब्बा में रहा उनका किरदार दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि इतने लंबे समय के बाद वापस आकर कैसा लगा, मिनिषा ने कहा, सेट पर वापस आकर मैं अच्छा महसूस करती हूं। इससे अपने मकसद का एहसास होता है। सुबह उठती हूं और कुछ ऐसा होना रहता है, जिसकी प्रतीक्षा करती हूं।

शो के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह प्यार के बारे में एक सुलझी हुई कहानी है। प्यार वह भाषा है, जिसे हर कोई समझता है और हर कोई प्यार चाहता है। कुछ लोग कह सकते हैं कि उन्हें यह नहीं चाहिए, लेकिन वे प्यार की तलाश करते हैं। इसलिए, सभी को यह शो देखना चाहिए।

बदतमीज दिल एक युवती का सफर पेश करती है, जो स्कूल के दिनों के रोमांस में विश्वास करती है और एक लड़का जो आधुनिक समय के प्यार में विश्वास करता है। इसमें बरुण सोबती और रिधि डोगरा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें मिनिषा लांबा और मल्लिका दुआ भी हैं।

एसबीआई ने बैंक लॉकर्स के नियम में किया बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहकों के लिए एक जरूरी खबर है। अगर आपका इस बैंक में खाता है तो एक नया अपडेट है। एसबीआई ने बैंक लॉकर को लेकर नियमों में बदलाव किया है। नए नियम जल्द लागू होंगे। बैंक ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

एसबीआई ने किया ट्वीट

स्टेट बैंक ने ट्वीट कर बताया कि लॉकर नियमों में बदलाव किया है। बैंक ने ग्राहक अधिकारों को शामिल करते हुए संशोधित/अनुपूरक लॉकर समझौता जारी किया है। लॉकर सुविधा का लाभ उठाने वाले ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपने लॉकर वाली बैंक शाखा से संपर्क करें।

30 सितंबर से लागू होंगे नए नियम

एसबीआई के नए बैंक लॉकर नियम

30 सितंबर से लागू होंगे। बैंक ने कस्टमर्स से लॉकर एग्रीमेंट अपडेट करने को कहा है। ग्राहकों के लिए लॉकर शुल्क आकार और स्थान के आधार पर अलग होंगे। छोटे और मीडियम आकार के लॉकरों पर जीएसटी सहित 500 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। जबकि बड़े लॉकरों पर 1,000 रुपये का पंजीकरण और जीएसटी लगेगा।

क्या है बैंक लॉकर खोलने के नियम

आरबीआई के दिशानिर्देश के अनुसार, लॉकर बैंक के अधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में खोले जाने चाहिए। वहीं, पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जानी चाहिए। लॉकर खोले जाने के बाद समाग्री तिजोरी के अंदर विस्तृत लिस्ट के साथ, सीलबंद कवर में तब तक रखी जाएगी। जब तक ग्राहक इसका दावा नहीं करता है।

कितना लगेगा चार्ज?

- एसबीआई के ग्राहकों को शहरी और मेट्रो शहरों में छोटे लॉकर के लिए दो हजार रुपये+जीएसटी का भुगतान करना होगा।
- छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में जीएसटी के अलावा छोटे लॉकर के लिए 1500 रुपये देना होंगे।
- शहरी और मेट्रो शहरों में मध्यम आकार के लॉकरों की कीमत 4000 रुपये+जीएसटी होगी।
- छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र में मीडियम आकार के लॉकर पर 3000 रुपये का शुल्क लगेगा।
- मेट्रो शहरों में बड़े आकार के लॉकर खरीदने वाले ग्राहकों से 8 हजार रुपये+जीएसटी लिया जाएगा।
- छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े आकार के लॉकर पर छह हजार रुपये+जीएसटी वसूला जाएगा।
- प्रमुख शहरों और मेट्रो में सबसे बड़े लॉकर के लिए 12 हजार रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा।
- छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सबसे बड़े लॉकर का चार्ज नौ हजार रुपये+जीएसटी लगेगा।

यूएस फेड के फैसले का ग्लोबल मार्केट पर दिखा असर

- **वॉल स्ट्रीट और एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार**

नई दिल्ली/नवप्रदेश। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लेकर किए गए फैसले का असर पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट के कामकाज पर साफ-साफ नजर आया। ब्याज दरों में बदलाव नहीं होने के कारण जहां निवेशकों का एक वर्ग उत्साहित दिखा, वहीं जल्द ही ब्याज दरों में 2 बार बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने की वजह से कुछ निवेशकों में बेचैनी भी देखी गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ऐलान के बाद वॉल स्ट्रीट मिलाजुला कारोबार करके बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान बढ़त की स्थिति बनी रही। जबकि आज एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

पिछले कारोबारी सत्र के

दौरान डाओ जोंस 232.79 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,979.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,372.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 13,626.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आपको बता दें कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले 15 महीने की अवधि में ऐसा पहली बार हुआ है, जब यूएस फेड ने ब्याज दरों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इसके पहले यूएस फेड लगातार 10 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर चुका है, जिसकी वजह से अमेरिका का बेंचमार्क इंटरेस्ट रेट पिछले 16 साल के सर्वोच्च स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने के यूएस फेड के फैसले का अमेरिकी बाजार में निवेशकों के एक वर्ग ने खुलकर स्वागत किया। लेकिन अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बैठक के बाद बुधवार को इस बात के संकेत भी दिए कि इस साल वो दो बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। हालांकि ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला इस बात का आकलन करने के बाद ही किया जाएगा कि अभी तक ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी का अमेरिकी अर्थव्यवस्था और महंगाई पर क्या असर हुआ है।

सेंसेक्स 131 अंक फिसला, निफ्टी 18750 के नीचे

नई दिल्ली। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के साथ शुरुआत हुई है। फिलहाल सेंसेक्स 131.34 (0.21%) अंकों की कमजोरी के साथ 63,097.17 के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि निफ्टी 21.35 (0.11%) अंक टूट कर 18,734.55 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है।

बाजार पर आईटी और बैंकिंग स्टॉक्स के कारण दबाव

बाजार पर IT और बैंकिंग स्टॉक्स के कमजोर प्रदर्शन के कारण दबाव बना है। निफ्टी में इंडसइंड बैंक, इंफोसिस और ONGC के शेयर टॉप लूजर के रूप में कारोबार कर रहे हैं जबकि डिविज लैब का शेयर सवा फीसदी की मजबूती के साथ अब तक के कारोबार में टॉप गेनर है। इससे पहले बुधवार को बीएसई

सेंसेक्स 85 अंक चढ़कर 63,228 पर बंद हुआ था।

उधर, अमेरिकी सेंट्रल बैंक यानी फेडरल रिजर्व या यूएस फेड ने ब्याज दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर फिलहाल विराम लगा दिया है। जून की पॉलिसी मीटिंग में ब्याज दरों को न बढ़ाने का फैसला किया गया है। इससे पहले लगातार 10 बार ब्याज दरों में इजाफा किया गया। अब यूएस फेड की दरें बिना बदलाव के 5-5.25% की रेंज में बनी रहेंगी।

बजाज आलियांज फेस्टिवल ऑफ इंडिया की मेजबानी करेगा

पुणे। भारत के प्रमुख निजी सामान्य बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया की मेज़बानी करेगा, जो बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस एक दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरक सत्र, एक लाइफस्टाइल क्षेत्र, प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा लाइव कार्यक्रम, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर द्वारा एक मनोरंजन का वर्ग और कई अन्य अनुभवात्मक गतिविधियां जैसी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल होंगी। फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सामान्य बीमा एजेंटों के लिए 'जी.आई.एफ.आई. अवार्ड्स' नामक एक पुरस्कार समारोह की भी घोषणा की है, जहाँ पूरे उद्योग में स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सलाहकार खुद को जी.आई.एफ.आई. पुरस्कारों के लिए नामांकित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2023 को पुणे में आयोजित किया जायेगा।

यह कंपनी भारत में उच्चतम श्रेणी के सामान्य बीमा एजेंटों को मान्यता प्रदान करने और सामान्य बीमा उद्योग के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का सम्मान करने के लिए भारत में जी.आई.एफ.आई. अवार्ड्स प्रदान करने वाली पहली कंपनी होगी।

देश में 69 करोड़ होगी 5जी ग्राहकों की संख्या

नई दिल्ली। भारत में 5जी ग्राहकों की संख्या 2028 के अंत तक बढ़कर 69 करोड़ हो जाने की उम्मीद है। 2022 में 3.1 करोड़ थी। इससे देश में मोबाइल सब्सक्रिप्शन का कवरेज 2022 में 77 प्रतिशत से बढ़कर 2028 में 94 प्रतिशत हो जाएगा। वैश्विक 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन 2028 के अंत तक 500 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। टीमलीज सर्विसेज के अनुसार, भारत को 5जी तकनीक का लाभ उठाने के लिए 2025 तक कम से कम 80 लाख कुशल कामगार तैयार करने की जरूरत है। सर्वेक्षण में शामिल 297 कंपनियों में से 80% ने कहा कि आईटी, बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं (बीएफएसआई) को 5जी से सबसे ज्यादा लाभ होगा। शिक्षा (48%), गेमिंग (48%), रिटेल और ई-कॉमर्स (46%) अन्य उद्योग हैं जो 5जी के कारण लाभ उठाएंगे।

रोहित के बाद कौन होगा टेस्ट टीम का नया कप्तान

नई दिल्ली। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल में हार के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर काफी बात हो रही है। रोहित शर्मा को टेस्ट की कप्तानी से हटाए जाने की मांग हो रही है। हालांकि, भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने साफकर दिया है कि फिलहाल रोहित शर्मा ही भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान बने रहेंगे। बतौर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड शानदार है। जीत प्रतिशत के लिहाज से वह सबसे सफल भारतीय कप्तान हैं।

रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उनकी फिटनेस की वजह से भी उठ रहे हैं। कई फैंस का मानना है कि रोहित शर्मा तीनों फॉर्मेट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। 36 साल के रोहित को खुद तय करना होगा कि अगले टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तक वह तीनों फॉर्मेट खेल पाएंगे या नहीं। अगर वह तीनों फॉर्मेट में खेलना चाहते हैं तो उन्हें बल्ले के साथ भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर रोहित शर्मा टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला लेते हैं तो भारत के नए कप्तान का चयन आसान नहीं होगा।

पुजारा, कोहली और रहाणे की उम्र बनी परेशानी

टीम इंडिया में अधिकतर खिलाड़ी 30 से 35 साल की उम्र के हैं। विराट

कोहली भारत के पूर्व कप्तान हैं और वह अब फिर से कप्तानी के विकल्प नहीं हैं। चेतेश्वर पुजारा के पास कप्तानी का अनुभव नहीं है और उनकी खराब फॉर्म के चलते वह टीम इंडिया से भी बाहर हो सकते हैं। ऐसे में अजिंक्य रहाणे को भारत का नया कप्तान बनाया जा सकता है। 35 साल के रहाणे भी लंबे समय तक भारत की कप्तानी नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उनकी कप्तानी में युवा खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकता है।

पंत और अय्यर को मिल सकती है जिम्मेदारी

भारतीय टीम मैनेजमेंट के पास फिलहाल दो विकल्प हैं। अगर रोहित शर्मा कप्तानी की जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं तो जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को भावी कप्तान के रूप में तैयार करें और अगले टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद सबसे बेहतर विकल्प को कप्तानी दें। बुमराह के अलावा पंत और अय्यर यह दिखा चुके हैं कि उनके अंदर कप्तानी की क्षमता है, लेकिन ये तीनों खिलाड़ी फिलहाल चोट से जूझ रहे हैं। बुमराह की चोट ऐसी है कि उनके लिए लंबे समय तक टेस्ट क्रिकेट खेलना मुश्किल होगा। वहीं, पंत कब तक मैदान में लौटेंगे, इसको लेकर कुछ साफ नहीं है। अय्यर जल्द ही चोट से वापसी कर रहे हैं, लेकिन उनकी वापसी के बाद टेस्ट टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। ऐसे में शुभमन गिल पर निवेश करना भारतीय टीम के लिए जरूरी है।

शुभमन गिल भी हैं विकल्प

अगर रोहित के कप्तानी छोड़ने पर रहाणे यह जिम्मेदारी नहीं लेते हैं तो अश्विन को भी टेस्ट टीम का कप्तान बनाया जा सकता है और वह देश का भावी कप्तान तैयार कर सकते हैं। शुभमन गिल युवा हैं और भविष्य में कप्तानी मिलने पर वह लंबे समय तक यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। वहीं, लोकेश राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को कप्तान बनाने पर अगले दो-तीन साल बाद फिर से देश को नया कप्तान देखना होगा।

यूपी की पारुल, अनु और शैली चमक बिखेरने को तैयार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मेरठ की लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी (5000 मीटर और 3000 स्टीपलचेज), अनु रानी (भाला फेंक) और झांसी की लंबी कूद की शैली सिंह गुरुवार से भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में शुरू होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चमक बिखेरने को तैयार हैं। उनके अलावा बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी (100 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़) पर भी नजरें रहेंगी।

हालांकि अनुभवी खिलाड़ियों धाविका हिमा दास और दुती चंद इसमें हिस्सा नहीं ले पाएंगी। हिमा चोट से ठीक हो रही हैं जबकि दुती पर डोप के चलते निलंबन लगा हुआ है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में स्पष्ट कर दिया था कि एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्तूबर) के लिए टीम में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेना अनिवार्य है और उनके प्रदर्शन पर भी गौर किया जाएगा।

प्रियंका और भावना आमने-सामने

महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में मुकाबला अनुभवी प्रियंका गोस्वामी और भावना जाट गोस्वामी के बीच होने की संभावना है। भावना पहले ही 2024 पेरिस ओलंपिक और बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के लिए

क्वालिफाई कर चुकी हैं। महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में संजीवनी जाधव प्रबल दावेदार रहेंगी। वह इस महीने की शुरुआत में अमेरिका में पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 32 मिनट 46.88 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं।

विश्व चैंपियनशिप के लिए भी करना चाहेंगे क्वालिफाई

कई एथलीट इस प्रतियोगिता से हंगरी (19-27 अगस्त) में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई करना चाहेंगे। यह चैंपियनशिप एएफआई के पूर्व के कैलेंडर के अनुसार एक महीने बाद आयोजित की जानी थी लेकिन इसे अभी कराया जा रहा है। इस बार एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने सदस्य देशों से एशियाई खेलों के लिए अपनी-अपनी टीम 75 दिन पहले यानी 15 जुलाई तक भेजने को कहा है। हांगझोउ एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाएं 29 सितंबर से शुरू हो रही हैं।

नहीं खेलेंगे चोटिल नीरज, श्रीशंकर पर निगाहें

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे, लेकिन लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। चोपड़ा चोट से उबर रहे हैं, लेकिन अगर वह फिट भी होते तो भी उन्हें छूट मिलती क्योंकि अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले उन्हें शीर्ष स्तर की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अभ्यास भी करना है।

अविनाश साब्ले को भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से छूट दी गई है जो चीन के हांगझोउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों की अंतिम चयन प्रतियोगिता है। श्रीशंकर ने पिछले हफ्ते पेरिस डायमंड लीग में 8.09 मीटर के प्रयास के साथ पहली बार तीसरे स्थान पर रहे। श्रीशंकर को जेस्विन एल्ड्रिन से कड़ी चुनौती मिलेगी जिन्होंने इसी साल 8.42 मीटर के प्रयास के साथ उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

पुरुषों के बीच अन्य शीर्ष खिलाड़ी फर्राटा धावक अमलान बोरगोहेन (200 मीटर), डेकाथलीट तेजस्विन शंकर, गोला फेंक के तेजिंदरपाल सिंह तूर, त्रिकूद के प्रवीण चित्रावेल और एल्डोस पॉल होंगे। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह की गैरमौजूदगी में अनुभवी संदीप कुमार की निगाहें पुरुषों के 20 किमी पैदल चाल में ठोस प्रदर्शन पर होंगी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण और रजत पदक विजेता क्रमशः पॉल और अब्दुल्ला अबुबाकर की मौजूदगी में पुरुष त्रिकूद में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

अधिनियम में संशोधन कर चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति नहीं

फिर भी राजधानी में खुल रहा है डिग्री बेचने वाला शापिंग मॉल , जहां अपनी पसंद की डिग्री बिना पढ़ाई के फीस भरकर ले सकेंगे

■ गलत तरीके से पाठ्यक्रम को राजपत्र में प्रकाशित करने की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में डिग्री बेचने का शापिंग मॉल खोली जा रही है जिसमें एक ही जगह तीन-तीन निजी विश्वविद्यालय संचालित होकर डिग्री बेचेगी और नियामक आयोग हस्तक्षेप भी नहीं कर सकेगा। यह प्रदेश के प्रतिभावान विद्याथियों के हितों में सीधा-सीधा डाका है । एक परिसर में तीनों विवि का संचालन संभव है क्या ? यह प्रदेश के युवाओं को रोजगार से भटकाने की साजिश है। जो फर्जी डिग्री की तरह ही काम करेगा। न तो पढ़ाई की, न ही प्रेक्टिल किया फिर उसे एमबीबीबीएस /नर्सिंग की डिग्री फीस भरकर मिल जाएगी, लेकिन वह एमबीबीएस पढ़ने वाले डाक्टर की तरह काम नहीं कर पाएगा। ये विवि उस शापिंग मॉल की तरह होगी, जहां अपनी मर्जी से डिग्री उठा लो और फीस दे दो।

राजपत्र के प्रावधानों का उल्लंघन

उच्च शिक्षा विभाग ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियम अधिनियम के प्रावधानों को दरकिनार कर 5जुलाई/2022 को जारी राजपत्र अधिसूचना क्रमांक एफ 3-8 / 2022 ध/ 38-2) अनुसार निजी विश्वविद्यालयों द्वारा आयुर्वेद /स्वास्थ्य सेवायें एवं अलाइड साइंसेस/ पैरामेडिकल / नर्सिग / फार्मेसी पाठ्यक्रम खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इन सभी पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने के पूर्व राज्य शासन को पूर्व के नियमों को शिथिल करने के लिए अध्यादेश लागू करना पड़ेगा, किन्तु कुछ निजी विश्वविद्यालय अध्यादेश लागू होने के पूर्व ही आयुष विश्वविद्यालय के 2008 के एक्ट व राजपत्र के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अपने स्वयं

के विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र के सभी पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जा रहे है।

जबकि भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के पृष्ठ कमांक 47 में भी यह स्पष्ट उल्लेख है कि मेडिकल व लीगल पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति निजी विश्वविद्यालय को नहीं होगी तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 8850 /डी, 242 /21-अ / प्रा /छ.ग. / 2008 छत्तीसगढ़ 2008 दिनांक 16.सित.2008 विधि एवं विधायी कार्य विभाग, रायपुर के प्रावधानों अनुसार छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम 2008 की धारा 06 (01)-(2) एवं (03) के अनुक्रम में प्रदेश के अन्य कोई संस्था, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा से संबंधित किसी भी पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं किया जा सकता है । निजी विश्वविद्यालय अधिनियम छत्तीसगढ़ में 2005 में लागू हुआ तथा छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम 2008 में, इस अधिनियम के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व राज्य में विद्यमान विश्वविद्यालय से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान की कोई संस्था आयुष विश्वविद्यालय के अधीन संबद्ध मान्यता प्राप्त माने जाने का प्रावधान है। आयुष विश्वविद्यालय को चिकित्सा संबंधी विषयों में पूर्ण एकाधिकार प्रदान किया गया है। निजी विश्वविद्यालय अधिनियम जो कि 2005 में प्रभावशील हुआ उसमें केवल संशोधन करके निजी विश्वविद्यालय को चिकित्सा शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

पाठ्यक्रमों को व्यवसायिक बनाने की साजिश

राज्य में छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विद्यमान एवं संचालित है, जो कि चिकित्सा क्षेत्र के सभी पाठ्यक्रमों का गुणवत्तापूर्ण सफल एवं सुचारू रूप से संचालन कर रहा है। निजी विश्वविद्यालयों द्वारा इस क्षेत्र के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने से आयुष विश्वविद्यालय का औचित्य एवं अस्तित्व नहीं रह जाएगा तथा निजी विश्वविद्यालय द्वारा विशुद्ध रूप चिकित्सा क्षेत्र के पाठ्यक्रमों को व्यवसाय के रूप में संचालित करने की आशंका बनी रहेगी, जबकि स्वास्थ्य संबंधी पाठ्यक्रमों का संबंध शिक्षा पश्चात् सीधे आमजन के स्वास्थ्य से संबंधित है।

अनुमति कदापि नहीं दिया जाना चाहिए

छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड की बैठक 11/अक्टू/2022 के निर्णय क्रमांक 24 में छत्तीसगढ़ राज्य के निजी विश्वविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र के पाठ्यक्रमों की अनापत्ति प्रमाण पत्र / अनुमति नहीं दिये जाने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सा क्षेत्र के जिन पाठ्यक्रमों का संचालन छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है उन पाठ्यक्रमों को निजी विश्वविद्यालयो द्वारा संचालन करने की अनुमति कदापि नहीं दिया जाना चाहिए एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस हेतु किए गए प्रावधानों संबंधी जारी राजपत्र 05 जुलाई, 2022 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना उचित होगा।

नोटिफिकेशन जारी करना सही नहीं

उच्च शिक्षा विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दो पृथक-पृथक विभाग है, जिनके अपने-अपने निर्धारित अधिकार क्षेत्र है और उनके द्वारा एक दूसरे के विषयों के बारे में नोटिफिकेशन जारी करना नियमानुसार सही नहीं है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम 2008 (पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय) छत्तीसगढ़ राज्य में 29/अप्रैल/2006 से प्रभावशील है। इस विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा से संबंध आधुनिक चिकित्सा पद्धति दन्त चिकित्सा, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी, नर्सिग, लोक स्वास्थ्य एवं अन्य पाठ्यक्रमों का संचालन, संबंद्धता, परीक्षा आयोजन एवं उपाधि प्रदान की जाती है। अधिनियम 2008 की उपरोक्ता धाराओं के अनुसार प्रदेश की अन्य कोई संस्था, विश्वविद्यालय या महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों का संचालन आयुष विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

फैक्ट फाइल

- *एक ही परिसर में निजी विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और आयुष स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय तीनों एक साथ कैसे संचालित हो सकती हैं, यदि होती है तो 70 एकड़ जमीन के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।*
- कृषि पाठ्यक्रम के लिए 40 एकड़
- निजी विश्वविद्यालय के लिए 25 एकड़
- और आयुष के लिए 5 एकड़
- कुल 70 एकड़ जमीन है क्या इनके पास?

■ न्यूज गैलरी

ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

धमतरी-रायपुर/नवप्रदेश। बीती रात रेत से भरे एक ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही भड़के ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दिया। सूत्रों ने बताया कि ग्राम छुही निवासी जगन्नाथ ध्रुव ग्राम सलोनी से कुछ काम निपटा कर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उसे रौंद दिया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। इधर जैसे ही ग्रामीणों को हादसे की सूचना मिली वे बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंच गए थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को वहीं फूंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से ग्रामीणों को समझाईश देकर शांत कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है, वहीं आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

करगा का हाईमास्क गिरा बाल-बाल बचे ग्रामीण

पाटन/नवप्रदेश। बुधवार को आये भारी हवा तूफान में ग्राम करगा के बाजार चौक में लगाया गया हाई मास्क(सोलर लाइट) टुट कर गिर गया।ग्रामीण जन बाल बाल बचे। अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। सरपंच रूपेश कुमार चन्द्राकर ने बताया कि जब लाईट गिरा तब उसके आस पास कोई ग्रामीण आवागमन नही कर रहे थे। अन्यथा गांव में बड़ी घटना घट सकती थी। क्रेडा विभाग सीघ्र टूटे लाइट को पुनः बनाकर सीघ्र उक्त स्थल का लाईट बहाल करें ।ताकि ग्रामीणों को रात्रि के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

नौ शिकारी चढ़े वन विभाग के हत्थे

गरियाबंद-रायपुर/नवप्रदेश। वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी और विक्रय करने वाले 9 आरोपियों को उदंती सीतानदी टाइगर प्रोजेक्ट की टीम ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंग, खाल, नाखून, सिंग आदि की तस्करी और विक्रय करने वाले शिकारियों के खिलाफ टीम लगातार नजर रखे हुए थे। पकड़े गए सभी शिकारी इंदागांव के रहने वाले हैं। वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के डर से सभी भागकर ओडिशा चले गए थे। बीते दिनों वन विभाग ने इनके घर पर छापा मारकर शिकार करने के सामान सहित सांभर के 12 सिंग तथा दुर्लभ पेंगोलिन का मांस बरामद किया था, जिसके बाद आज सुबह अचानक फरार नौ आरोपियों के घर पर दबिश देकर वन विभाग ने उन्हें गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से उदंती सीतानदी टाइगर प्रोजेक्ट इलाके में वन विभाग अवैध शिकार के मामले को लेकर काफी सक्रिय हो गया है। बीते 1 माह के भीतर बाघ की खाल के टुकड़े तेंदुए की खाल के टुकड़े भालू का पंजा सहित कई वन्यजीवों की हड्डियां तथा अन्य सामान वन्यजीव तस्करों से बरामद किए जा चुके हैं। वन विभाग जहां तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है तो वहीं इससे बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इलाके तथा आसपास के उड़ीसा के जंगलों में बड़े पैमाने पर शिकार हो भी रहा है तभी कार्रवाईयों में कई वन्यजीवों के अंग मिल रहे हैं।

साल तथा मिश्रित लकड़ी के अवैध चिरान जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के निर्देशन में वन विभाग द्वारा वन अपराधों, लकड़ियों के अवैध संग्रहण और परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कटघोरा वनमंडल के ग्राम खम्हरिया में अवैध रूप से रखे गए मिश्रित प्रजाति के 129 नग चिरान तथा एक आरा मशीन को जप्त किया गया है। वनमंडलाधिकारी कटघोरा वनमंडल श्रीमती प्रेमलता यादव के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मार कार्रवाई की गई। टीम द्वारा की गई कार्रवाई में ग्राम खम्हरिया के सौखी लाल एवं प्रमोद की बाड़ी से 129 नग मिश्रित प्रजाति के चिरान तथा एक आरा मशीन पाया गया, जिसके वैध दस्तावेज संग्रहणकर्ता के पास नहीं थे। उड़नदस्ता टीम ने वन अपराध प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

भरतपुर सोनहत में फिर जीतेगी कांग्रेस या होगा बदलाव, राजनीति रेत पर निर्भर!

■ बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे इस विधानसभा का 2008 में हुआ परिसीमन

कोरिया /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का पहला विधानसभा सीट भरतपुर सोनहत जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया व एमसीबी जिला अंतर्गत आता हैं। जिस पहले विधानसभा क्षेत्र की बात कर रहे हैं, वह कई मायने में पहला है। जहा वनवास के समय छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम का पहला कदम जहां पड़ा था, यह इसी विधानसभा क्षेत्र में है। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों की गणना यहीं से शुरू की है। यही कारण है कि इस विधानसभा क्षेत्र का नंबर एक है। इस विधानसभा सीट पर जीत-हार की राजनीति अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरोध पर निर्भर रही है । इस राजनीति में हर बार क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीण मोहरे बने हैं । इस आशा के साथ कि कांग्रेस नेता इस सीट पर जीतेगा तो रेत खनन बंद करवा देगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ । कोरिया जिले के मवई नदी से रेत खनन अब भी जारी है । इससे गांव के कुएं व बोर, हैंडपंप का जलस्तर कम हो रहा है । हरचोका में मवई नदी में चल रहे रेत खनन का विरोध लगातार ग्रामीण सुरु से करते आ रहे है । ग्रामीण पर्यटक स्थल बचाओ का बैनर लेकर सीतामढ़ी के सामने सड़क पर पूर्व में प्रदर्शन भी कर चुके हैं । इसके बाद भी इस कारोबार में भाजपा शासन के जाने के बाद बढ़ोतरी ही देखा गया किन्तु इसे पूरी तरह बंद नही किया जा सका जबकि इस सरकार द्वारा इस विधानसभा में मवई नदी के किनारे स्थित सीतामढ़ी को सरकार पर्यटन स्थल बना रही है वही प्रभु श्रीराम की विशाल मूर्ति भी बन चुकी हैं व कई कार्य कराये जा रहे क्यो कि इसी नदी को पार कर भगवान राम छत्तीसगढ़ में प्रवेश किए थे।

मिली जानकारी अनुसार साल 2016 से भरतपुर ब्लॉक में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार शुरू हुआ था । तभी ग्रामीणों ने नदी का अस्तित्व बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया था । उस वक्त जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे गुलाब कमरों ने भाजपा का विरोध किया था । भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 2018 के विधानसभा चुनाव कमरों ने इसी को मुद्दा बनाकर लड़ा था । चुनाव से पहले जब भाजपा सरकार में संसदीय सचिव रही चंपा देवी पावले खामोश रही जिसका ही परिणाम उन्हें हार के रूप में देखना पड़ा । जबकि विरोध करने वाले कांग्रेस के गुलाब कमरों भरतपुर सोनहत विधानसभा के विधायक व राज्य मंत्री के बाद चुप्पी साधे हुए हैं यह ग्रामीणों के बीच चरचा का विषय बना हुआ है । उनकी विधायकी राज में भी रेत खनन ग्रामीणों के विरोध के बाद हो रहा है और जनता अब भी परेशान है इस विरोध के बाद भी इसे बंद कराने कोई विशेष प्रयास नही किया गया जिससे अब चुनाव में एक बार फिर यह मुद्दा प्रमुख रहने का उम्मीद हैं ।

राम वनगमन पथ की शुरुआत

राज्य गठन के समय बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा भारतपुर सोनहत विधानसभा सीट का गठन वर्ष 2008 के परिसीमन में हुआ। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास काल में दंडकारण्य में पहला कदम हरचौका में पड़ा था। यहीं से राज्य सरकार ने राम वनगमन पथ बनाने की शुरुआत की है। क्षेत्र के जनकपुर का नाम सुनते ही वह दूरस्थ क्षेत्र याद आता था, जहां जाने के लिए मध्यप्रदेश में प्रवेश करना पड़ता था। बदली परिस्थितियों में यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ा है।

दो बार भाजपा और एक बार कांग्रेस

राज्य गठन से पहले यह क्षेत्र मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आता था, जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित था। परिसीमन के बाद भारतपुर सोनहत सीट बना , जो एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया और मनेंद्रगढ़ सीट सामान्य हो गई। सोनहत ब्लाक जनकपुर ब्लाक और मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के ज्यादातर ग्राम पंचायतों को मिलाकर भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। परिसीमन के बाद यहां तीन चुनाव हुए, जिसमें दो बार भाजपा और एक बार कांग्रेस को जीत मिली है।

तीसरी पार्टी का भी दखल

विधानसभा चुनाव को लेकर तीसरे स्थान पर रहने वाली गोंडवाना पार्टी भी भाजपा-कांग्रेस के साथ चुनाव नजदीक आते ही अपनी ओर से जोर लगाना शुरू कर दिया है। गोंड बहुल होने के कारण हर चुनाव में यहां गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की दखल बढ़ रही है। 2008 के चुनाव में गोंगपा उम्मीदवार यशवंत गोंड को 9114 वोट मिले थे। 2013 में कनस लाल को 18166 वोट, जबकि 2018 में श्याम सिंह मरकाम को 26632 वोट मिले थे। स्थानीय भाजपा नेता विकास के दावे को नकार रहे हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि यहां विकास के नाम पर छल हुआ। सिर्फ भूमिपूजन कर जनता को गुमराह किया गया।जबकि ग्रामीणों का कहना है कि इस विधानसभा में पहले की तुलना में कार्य की स्वीकृति ज्यादा हुई हैं विकास कार्य हुए हैं बल्कि भाजपा नेता ही चुनाव हारने के बाद गायब थे अब टिकट न कट जाए इस कारण दौरा कर रहे क्यो की विकास को लेकर इनके पास मुद्दों की कमी है वही रेत का मुद्दा भी प्रमुख हैं जिस कारण अब दोनों पार्टियों को तीसरी पार्टी कही परास्त न कर दे इस कारण अब दोनों पार्टी लगातार जनसंपर्क में लगे हुए है ।

24 घंटे के भीतर नाबालिग लड़की को बरामद कर सौंपा परिजनों को

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में नाबालिग बालिका की गुम हो जाने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए कुसमुण्डा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर 24 घंटे के भीतर नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा गया हैं वहीं इस मामले में एक कथित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

कुसमुंडा पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण द्वारा वर्तमान में महिला एवं बच्चों के साथ हो रहे घटनाओं को संवेदनशीलता से लेते हुए महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिले के समस्त थाना/चौकी/सहायता केन्द्रों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के संबंध में दिये निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक दर्री राबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन में 11 जून को थाना कुसमुण्डा में नाबालिग बालिका के गुमशुदगीं की सूचना पर थाना कुसमुण्डा में अपराध कमांक 120/23 दर्ज कर अपहृत नाबालिग बालिका के पता/तलाश हेतु कुसमुण्डा पुलिस द्वारा अपने पुलिस संपर्क सूत्रों को घटना की जानकारी देकर सूचना संकलन हेतु तैनात किया गया था। इस दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त नाबालिक बालिका ग्राम तुमान में एक संदेही के कब्जे में है प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही की गई।

दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत

पत्थलगांव/नवप्रदेश। पत्थलगांव में देर रात तीन ट्रकों की आपस मे भिड़ंत, केबिन में फंसे घायल परिचालक को हाइड्रा की मदद से पुलिस ने निकाला बाहर, गम्भीर हालत में कराया गया अस्पताल में भर्ती

पत्थलगांव नगरीय क्षेत्र में आये दिन हादसे हो रहे है। तेज गति एवम समय की मारामारी इसके कारण है। देर रात रायगढ़ रोड के टावर लाइन के पास लगभग 2:30 से 3:00 एक ट्रक को ठोकर मारते हुए सामने से आ रही है दूसरी ट्रक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें गाड़ी के चालक एवं परिचालक को गंभीर चोटे आई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पत्थलगांव पुलिस टीम मौके पर पहुंच घायलों को पत्थलगांव के सिविल अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में अभी तक जानमाल की कोई हानि नही हुई है।

बताया जा रहा है कि ह्व70द्ध9613 रायगढ़ से लोहे की एंगल लोड कर गोरखपुर जा रहा था परिचालक गंगाराम पासी /संभूलाल पासी 19 वर्ष गांव किरांव जिला मऊ उत्तरप्रदेश (प्रयागराज) चोटिल हो गया है। इस घटना के बाद चालक फरार बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने

बताया कि दुर्घटनाकारित ट्रक में चालक सो रहा था और परिचालक चला रहा था जिसकी वजह से हादसा हुआ है। ह्व70द्ध9613 के परिचालक सामने से आ रही ष्द्15स्नद्ध8910 मो अजहर अली/मो फहीम अली 40 वर्ष बरहर (उत्तरप्रदेश) पोस्ट बभनी जिला सोनभद्र 40 वर्ष जिला सोनभद्र अंबिकापुर से कोयला लेकर रायगढ़ की ओर जा रहा था, पहले इसे ठोकर मारी जिसकी वजह से उसका बैलेंस बिगड़ा होगा और पीछे चल रही ष्द्29ड्डष्1550 को जबदस्त टक्कर मार दी। जिसकी वजह से वाहन के केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये, इस घटना में ह्व70द्ध9613 का परीचालक बुरी तरह से फस चुका था जिसे हाइड्रा की मदद से बाहर निकाल घायलावस्था में उपचार हेतु सिविल अस्पताल भेजा गया। इस घटना के बाद सड़क में भारी जाम लग गया ट्रैफिक के आरक्षक वहां खड़े होकर सड़क में लगे जाम हटाने में लगे रहे सुबह सात बजे आवागमन सुचारू हो सका।

अवैध डीजल के धंधे पर प्रशासन सख्त

■ गोदाम से 400 लीटर पेट्रोल और 100 लीटर डीजल जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। डीजल चोरों के खिलाफ प्रशासन एक्शन मोड में है। लगातार छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में डीजल जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर टीम ने बड़ी कार्यवाही की है। प्रशासनिक कार्यवाही से अवैध धंधे को संचालित करने वाले लोगों में हडकंप मचा है।

इंडियन ऑयल की गोपालपुर डिपो से पेट्रोल डीजल ले जाने वाले टैंकर को गोदाम ले जाकर चोरी कराने और करने वालों पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। तीन ऑयल टैंकर को जब्त कर लिया है। इसमें 71 हजार लीटर डीजल भरा हुआ है। गोदाम से 400 लीटर पेट्रोल और 100 लीटर डीजल को जब्त किया है। इस मामले में खाद्य विभाग ने धंधेबाजों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। खाद्य विभाग की ओर से बताया गया कि गोपालपुर के एक यार्ड में पेट्रोल डीजल की अवैध खरीदी बिक्री पर कार्रवाई की थी। इसमें मामले में तीन टैंकर को जब्त किया गया है।

गाडियों में 71 हजार लीटर डीजल भरा हुआ है। कार्रवाई के दौरान टीम ने यार्ड में खड़ी एक टैंकर से धंधेबाजों को डीजल निकालते रंगे हाथ पकड़ लिया। गाड़ी का चालक रथराम भी कार्रवाई टीम के हत्थे चढ़ गया। उसने पूछताछ में बताया वह इंडियन ऑयल की गोपालपुर डिपो से डीजल लेकर श्रृष्टी फ्यूल मालखरौदा सक्ती जा रहा था। लेकिन वहां जाने से पहले गाड़ी को गोपालपुर की एक यार्ड में ले गया। पूछताछ में उसने धंधेबाजों के साथ मिलकर टैंकर से डीजल निकालना बताया है। विभाग ने टैंकर को जब्त कर लिया है। इस मामले में खाद्य विभाग ने टैंकर के चालक रथराम पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। इसे कलेक्टर कोर्ट में पेश किया है।